आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 194 हापुड़ ,गुरुवार 30 जनवरी 2025 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज: 06

## यमुना को लेकर ओछी राजनीति कर रही आम आदमी पार्टी – नरेन्द्र मोदी

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में चुनाव अभियान को गति देते हुए आज घोंडा विधानसभा क्षेत्र के करतार नगर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासियों ने मन बना लिया है कि 'आप-दा' (आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए भाजपा की ओर से प्रयोग संबोधन) से काम नहीं चलेगा। अब लूट और झूठ से काम नहीं चलेगा। दिल्ली की जनता अब राज्य में 'डबल इंजन' भाजपा की सरकार चाहती है। भाजपा गरीबों के लिए घर बनाएगी, दिल्ली को आधुनिक बनाएगी, हर घर तक प्रधानमंत्री ने आम आदमी पार्टी को यमुना में नदी के मुद्दे पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गलती माफ करना भारतीयों का उदार चरित्र है लेकिन जानबूझकर, बद इरादे से पाप करने वालों को दिल्ली एवं देश माफ नहीं करता। आप-दा वाले कह रहे हैं कि हरियाणा वाले दिल्ली के पानी में जहर मिलाते हैं। यह हरियाणा ही नहीं बल्कि भारतीयों का अपमान है। उन्हें पक्का विश्वास है कि ऐसी ओछी बातें करने वालों को दिल्ली इस बार सबक सिखाएगी। इन आप-दा वालों की लुटिया यमुनाजी में ही डूबेगी। उन्होंने आआपा और कांग्रेस पर पिछले 25 साल में दो जेनरेशन बर्बाद करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पहले 14 साल कांग्रेस का




शासन रहा फिर 11 साल आआपा का शासन रहा लेकिन दिल्ली की समस्याएं जैसी थी वैसी ही बनी हुई हैं। प्रधानमंत्री ने कुंभ में हुई भगदड़ की घटना पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि कुछ पुण्य आत्माओं ने इसमें अपनी जान गवाई है, कुछ घायल हुए हैं। वह पीड़ित परिवारों के प्रति दुख जताते हैं और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना करते हैं। वे लगातार उत्तर प्रदेश सरकार के संपर्क में है। 'मोनी अमावस्या' के समय प्रयागराज में करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए थे। इसके चलते स्नान को भी कुछ समय के लिए रोक दिया गया लेकिन अब श्रद्धालु आराम से डुबकी लगा रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने दिल्ली प्रदेश इकाई को दिल्ली की जनता को समर्पित संकल्प पत्र लाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र में महिलाओं, युवाओं, स्कूली छात्रों, मध्यम वर्ग, ऑटो चालकों, दुकानदारों और स्लम में रह रहे लोगों के लिए कई योजनाएं हैं। भाजपा की सरकार बनने पर इन सभी वादों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली का यह क्षेत्र यमुनाजी के तट पर बसा है। इस इलाके में बाबा श्याम गिरि भी विराजते हैं। वे उनको नमन करते हैं।

कार्य दिवस होने के बावजूद भी लोग विशाल संख्या में दोपहर के समय आए हैं। वे उनका हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। ये दृश्य दिल्ली का 'मूड' बता रहा है। दिल्ली का जनादेश दर्शा रहा है।

## सरकार पीड़ित श्रद्धालुओं के इलाज का इंतजाम करे- अखिलेश



लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि सरकार महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में घायल श्रद्धालुओं के इलाज का समुचित इंतजाम करे। श्री यादव ने एक्स पर पोस्ट किया महाकुंभ में अव्यवस्थाजन्य हादसे में श्रद्धालुओं के हताहत होने का समाचार बेहद दुखद है। श्रद्धांजलि। उन्होने कहा हमारी सरकार से अपील है कि गंभीर रूप से घायलों को एअर एंबुलेंस की मदद से निकटतम सर्वश्रेष्ठ हॉस्पिटलों तक पहुंचाकर तुरंत चिकित्सा व्यवस्था की जाए। मृतकों के शवों को चिन्हित करके उनके परिजनों को सौंपने और उन्हें उनके निवास स्थान तक भेजने का प्रबंध किया जाए। जो लोग बिछड़ गये हैं, उन्हें मिलाने के लिए त्वरित प्रयास किये जाएं। हैलीकाप्टर का सदुपयोग करते हुए निगरानी बढ़ाई जाए। सपा अध्यक्ष ने कहा, सतयुग से चली आ रही 'शाही स्नान' की अखण्ड-अमृत परंपरा को निरंतर रखते हुए, राहत कार्यों के समानांतर सुरक्षित प्रबंधन के बीच 'मौनी अमावस्या के शाही स्नान' को संपन्न कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होने कहा कि श्रद्धालुओं से भी हमारी अपील है कि वो इस कठिन समय में संयम और धैर्य से काम लें और शांतिपूर्वक अपनी तीर्थयात्रा संपन्न करें। सरकार आज की घटना से सबक लेते हुए श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने, भोजन-पानी व अन्य सुविधाओं के लिए अतिरिक्त प्रबंध करे।

## महाकुंभ भगदड़ पर राहुल गांधी बोले- 'दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और वीआईपी मूवमेंट जिम्मेदार'



नई दिल्ली । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में बुधवार को मची भगदड़ पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने घटना पर दुख जताया और वीआईपी मूवमेंट को लेकर सवाल उठाए। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों की मौत और कइयों के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र में व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना जिम्मेदार है। अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है, कई और महास्नान होने हैं। आज जैसी दुखद घटना आगे न हो, इसके लिए सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। वीआईपी कल्चर पर लगाम लगनी चाहिए और सरकार को आम श्रद्धालुओं की जरूरतों की पूर्ति के लिए बेहतर इंतजाम करने चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध करता हूं कि पीड़ित परिवारों की मदद करें। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने महाकुंभ भगदड़ को पीड़ादायक बताया। साथ ही महाकुंभ मेले में अव्यवस्थाओं को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार पर सवाल भी उठाए।

यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा, आज सुबह मुझे प्रयागराज महाकुंभ की दुखद घटना की जानकारी हुई, जिसमें कई लोगों की मृत्यु और घायल होने की खबर है। प्रयागराज में कई बार कुंभ और अर्ध कुंभ होते रहे हैं, लेकिन इस तरह की अव्यवस्था जो इस बार हुई है, इसके पहले कभी नहीं हुई थी। उन्होंने आगे कहा, यह दुखद घटना इस मेले की अव्यवस्था और उत्तर प्रदेश सरकार की नाकामियों को उजागर कर रही है। योगी सरकार ने सारा पैसा सिर्फ अपनी ब्रांडिंग और मार्केटिंग पर खर्च किया है, न कि महाकुंभ में आए श्रद्धालुओं की व्यवस्था पर। ये इस सरकार की संवेदनहीनता को प्रदर्शित करता है। हम लगातार ऐसी ही घटना के प्रति सचेत करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन शासन-प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। हम मृतकों की आत्मा की शांति व घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं।

इसके साथ ही सरकार से यह आग्रह करते हैं कि मृतकों के लिए उचित मुआवजा व घायलों को मुआवजे के साथ मुफ्त इलाज का प्रबंध करें। अजय राय ने कहा कि मोदी और योगी सरकार सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें करती हैं। उन्होंने वहां कैबिनेट को ले जाकर सिर्फ वीआईपी मूवमेंट पर पैसे खर्च किए। आज सारी व्यवस्थाएं पूरी तरह से नकारा साबित हुई हैं।

## मौनी अमावस्या पर अवधेशानंद गिरि, बाबा रामदेव और हेमा मालिनी ने किया स्नान

महाकुंभनगर । महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के लिए मंगलवार-बुधवार दरम्यानी रात से ही भक्तों का सैलाब संगम तट पर उमड़ा। तभी भीड़ की वजह से भगदड़ मच गई। इसमें कई लोग घायल हुए हैं। इस भगदड़ के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी ने आस्था का डुबकी लगाई। इस दौरान जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज और योग गुरु बाबा रामदेव ने भी पवित्र स्नान किया। संगम में डुबकी लगाने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। हेमा मालिनी ने स्नान करने के बाद कहा कि मुझे आनंद का अनुभव हो रहा है। ऐसा स्नान मैंने कभी नहीं किया और बहुत खास दिन है। यह मेरा सौभाग्य है। मुझे यहां स्नान का स्थान मिला, वह भी अपने गुरु स्वामी श्री अवधेशानंद जी के सानिध्य में। योग गुरु बाबा रामदेव भी यहां हैं। ये मेरा सौभाग्य है। महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर उन्होंने कहा कि इस घटना के बारे में सुना है। अभी मुझे इस घटना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। बता दें कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी नजर रख रहे हैं। पीएम मोदी घटना को लेकर यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से 3 बार फोन पर बात कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि भगदड़ में कई लोगों की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। विशेष सतर्कता बरतते हुए अखाड़ा परिषद ने पहले अमृत स्नान रद्द करने का फैसला लिया था। हालांकि, अब अखाड़ा परिषद ने कहा है कि भीड़ छंटने के बाद अखाड़े स्नान के लिए जाएंगे। लोगों को संगम क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए बैरिकैडिंग हटा दी गई है। अब भी संगम तट पर लोगों की भीड़ मौजूद है। भगदड़ के बाद भी लोग संगम तट की तरफ जाने की कोशिश कर रहे हैं। साधु-संत लोगों से संगम तट पर न जाने की अपील कर रहे हैं।

## महाकुंभ में वीआईपी संस्कृति पर रोक जरूरी- खरगे-राहुल

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने महाकुंभ में भगदड़ के कारण मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि आगे ऐसी स्थिति ना बने इसके लिए वीआईपी संस्कृति को रोकने की सख्त जरूरत है। श्री खरगे ने कहा, महाकुंभ के दौरान, तीर्थराज संगम के तट पर हुई भगदड़ से कई लोगों की जान गई है और अनेकों लोगों के घायल होने का समाचार बेहद हृदयविदारक है। श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएँ और घायलों के शीघ्रातिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की हम कामना करते हैं। उन्होंने कहा, आधी अधूरी व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, प्रबंधन से ज़्यादा स्व प्रचार पर ध्यान देना और बदइंतज़ामी इसके के लिए ज़िम्मेदार है। हज़ारों करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद ऐसी व्यवस्था होना निंदनीय है। अभी कई महत्वपूर्ण शाही स्नान बचे हैं, तो केंद्र और राज्य सरकारों को अब चेत जाना चाहिए, और व्यवस्था को सुधारना चाहिए ताकि आगे ऐसी अप्रिय घटनाएँ न हों। श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा व मूवमेंट आदि की व्यवस्था में विस्तार करना चाहिए और वीआईपी मूवमेंट पर लगाम लगानी चाहिए। यही हमारे साधु संत भी चाहते हैं। श्री खरगे ने भगदड़ के शिकार लोगों की मदद के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि वे पीड़ितों की हर संभव मदद करें। श्री गांधी ने कहा, प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के कारण कई लोगों की मौत और कईयों के घायल होने की ख़बर अत्यंत दुखद है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। इस दुखद घटना के लिए कुप्रबंधन, बदइंतजामी और आम श्रद्धालुओं की जगह वीआईपी मूवमेंट पर प्रशासन का विशेष ध्यान होना ज़िम्मेदार है। उन्होंने कहा, अभी महाकुंभ का काफी समय बचा हुआ है, कई और महास्नान होने हैं। आज जैसी दुखद घटना आगे न हो इसके लिए सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। वीआईपी कल्चर पर लगाम लगनी चाहिए और सरकार को आम श्रद्धालुओं के जरूरतों की पूर्ति के लिए बेहतर इंतजाम करने चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं से अनुरोध करता हूं कि पीड़ित परिवारों की मदद करें।

## ममता बनर्जी ने कांग्रेस को ठहराया भाजपा की जीत का ज़िम्मेदार, नई किताब में किया खुलासा

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी नई किताब में 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के लिए कांग्रेस को ज़िम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि कांग्रेस की गलतियों और विपक्षी गठबंधन इंडिया की असफलता के चलते भाजपा लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी। ममता बनर्जी की किताब %बंगलार निर्वाचन ओ आमरा (बंगाल चुनाव और हम) कोलकाता अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेले में लॉन्च की गई है। इस किताब में उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों का विश्लेषण किया और बताया कि किस तरह विपक्षी दल भाजपा को चुनौती देने में नाकाम रहे। किताब में ममता बनर्जी ने लिखा है कि कांग्रेस की निष्क्रियता और रणनीतिक विफलता की वजह से विपक्षी गठबंधन इंडिया भाजपा को चुनौती देने में असफल रहा। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने राष्ट्रीय स्तर पर सभी भाजपा विरोधी दलों को एकजुट करने की पूरी कोशिश की, लेकिन कांग्रेस ने इस प्रयास को कमजोर कर दिया। उन्होंने किताब में लिखा है कि हमने शुरुआत से ही विपक्षी दलों को एक साथ लाने की पहल की थी। साझा न्यूनतम कार्यक्रम और साझा घोषणापत्र का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी गठबंधन %इंडिया% का नाम भी मेरा ही सुझाव था। हमने कांग्रेस को गठबंधन का नेतृत्व करने तक की पेशकश की थी, लेकिन उनमें एकता की कमी थी। उल्टा गठबंधन के दल आपस में ही लड़ते रहे, जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला।

उन्होंने यह भी दावा किया कि 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जो सीटें मिली थीं, वे उसकी अपनी ताकत के कारण नहीं, बल्कि सहयोगी दलों के समर्थन के कारण ही मिल पाई थीं। उन्होंने कांग्रेस की रणनीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह खुद को एक मज़बूत विपक्षी ताकत के रूप में स्थापित करने में असफल रही। कांग्रेस पर वामपंथियों से सांठगांठ का आरोप ममता बनर्जी यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने बंगाल की राजनीति के बारे में लिखा है कि कांग्रेस और वामपंथी मोर्चे (सीपीएम-नीत वाम दलों) पर भाजपा के साथ गुप्त सांठगांठ भी की।बंगाल में कांग्रेस और वाम मोर्चे ने भाजपा के साथ अंदरखाने समझौता किया था, जिससे भाजपा को चुनावी लाभ मिला। तृणमूल कांग्रेस की जीत जनता के समर्थन का परिणाम है। टीएमसी सरकार की विकास योजनाओं की वजह से जनता ने पार्टी को फिर से भारी समर्थन दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी ने पश्चिम बंगाल में 22 से बढ़कर 29 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा का प्रदर्शन पिछली बार के मुकाबले कमजोर हुआ। भाजपा की सीटें 2019 में 18 थीं, जो 2024 में घटकर 12 रह गईं।

कांग्रेस और वाम दलों को पश्चिम बंगाल में करारी हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस को सिर्फ एक सीट मिली, जबकि वाम मोर्चा पूरी तरह शून्य पर सिमट गया। उन्होंने इस हार के लिए विपक्षी दलों की आपसी फूट और कमजोर चुनावी रणनीति को जिम्मेदार ठहराया।ममता बनर्जी ने अपनी किताब में देश की मौजूदा राजनीति को अस्थिर और बिखरा हुआ बताया है। कहा है कि अगर विपक्ष को भाजपा को हराना है तो उसे एकजुट होकर सही रणनीति बनानी होगी।

## महाकुंभ 2025 – कैंट रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़, प्रयागराज जाने को मारामारी, ट्रेनों में जगह नहीं

वाराणसी । महाकुंभ में स्नान और धार्मिक अनुष्ठान के लिए वाराणसी पहुंचे लाखों श्रद्धालु अब प्रयागराज जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में जुट रहे हैं। देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालु वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़े हैं, जिससे ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिल रही है। प्रयागराज जाने वाली अधिकतर ट्रेनों में पैर रखने तक की जगह नहीं है, जिससे कई यात्रियों को सीट नहीं मिल पा रही है। वहीं बसें भी फुल जा रही हैं। रेलवे प्रशासन यात्रियों की इस भारी भीड़ को नियंत्रित करने में पूरी तरह सक्रिय है। रेलवे अधिकारी, आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) और जीआरपी के साथ-साथ कई विशेष



टीमें तैनात की गई हैं, ताकि स्टेशन और ट्रेनों में व्यवस्था बनाए रखी जा सके। रेलवे कर्मचारी यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में हरसंभव सहायता कर रहे हैं। भारी भीड़ को देखते हुए स्टेशन परिसर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को रोका जा सके। वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पर लाखों यात्रियों की भीड़ के कारण प्लेटफार्म पर जगह कम पड़ रही है। लोग टिकट काउंटरों पर लंबी कतारों में खड़े हैं, वहीं कई यात्री जनरल कोच में जगह पाने के लिए पहले से ही लाइनों में लग गए हैं। ट्रेनों में भीड़ इतनी अधिक है कि खड़े रहने की भी जगह नहीं बची। स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए दो होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।

उन्हें वहां रोका जा रहा है। महाकुंभ के चलते भीड़ अधिक है। रेलवे कर्मचारी लोगों से बात कर उनसे जानकारी ले रहे हैं उन्हें कहां जाना है, उसके अनुसार उनकी मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ की घटना के बाद ट्रेनों के निरस्त होने से संबंधित सूचना अभी नहीं है।

## राहुल ने मीडिया पर लगाया गरीबों के मुद्दों को दबाने का आरोप

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मीडिया पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की बातों को प्रमुखता देती है, जबकि गरीबों के मुद्दों को दबाया जाता है। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा, मीडिया बस भाजपा और आरएसएस के 'मन की बात' दिखाती है, मुद्दों से भटकाती है और अरबपतियों की ढाल बनकर गरीबों की आवाज़ दबाती है। उन्होंने कांग्रेस को गरीबों, मध्यम वर्ग, बहुजन, अल्पसंख्यकों और वंचितों की आवाज बताया भाजपा और मीडिया की प्रतिक्रिया भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी के इस बयान को राजनीतिक नौटंकी करार दिया। भाजपा प्रवक्ता (नाम) ने कहा, राहुल गांधी का बयान मीडिया की स्वतंत्रता पर सवाल उठाने जैसा है।

भारत का मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, और सभी मुद्दों को कवर करता है। वहीं, कुछ वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि टीआरपी और कॉरपोरेट दबाव के कारण मीडिया में आर्थिक रूप से कमजोर तबके की समस्याओं पर अपेक्षाकृत कम ध्यान दिया जाता है।

विश्लेषण और आंकड़े

मीडिया विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में मुख्यधारा की मीडिया में राजनीतिक घटनाक्रम और कॉरपोरेट खबरों को अधिक जगह मिलती रही है, जबकि गरीबी, बेरोजगारी, कृषि संकट और मजदूरों से जुड़े मुद्दों को अपेक्षाकृत कम कवर किया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल प्राइम टाइम टीवी डिबेट्स में 50% से अधिक समय राजनीतिक बहसों को दिया गया, जबकि सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर मात्र 20% चर्चा हुई। राहुल गांधी का आरोप मीडिया की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है, जबकि भाजपा इसे खारिज कर रही है। क्या भारतीय मीडिया सच में गरीबों के मुद्दों से भटक रही है, यह एक बहस का विषय है।

## दिल्ली में न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है

और अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 330 था जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

# संपादकीय

## संसार में कौन धन्य है ?

सदा भगवान के कार्य में जो अपनी देह को कष्ट देता है। मुख से अखंड राम-नाम का उच्चारण करता है। स्वधर्मपालन में बिल्कुल तत्पर है। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचंद्रीजी का ऐसा दास इस संसार में धन्य है। (वह) जैसा कहता है। वैसा ही करता है। नाना रूपों में एक ईश्वर (रूप) को ही देवता है और जिसे सगुण-भजन में जरा भी संदेह नहीं वहीं मर्यादापुरुषोत्तम श्रीरामचंद्रीजी का सेवक इस संसार में धन्य है। आयु का हरण जिसने मद, मत्सर और स्वार्थ का त्याग कर दिया है। जिसके सांसारिक उपाधि नहीं है और जिसकी वाणी सदैव नम्र और मधुर होती है। ऐसा सर्वोत्तम श्रीरामचंद्रजी का सेवक इस संसार में धन्य है। जो अखिल संसार में सदा-सर्वदा सरल, प्रिय, सत्यवादी और विवेकी होता है तथा निश्चयपूर्वक कभी भी मिथ्या-भाषण नहीं करता, वह सर्वोत्तम श्रीरामचंद्रजी का सेवक इस संसार में धन्य है। जो दीनों पर दया करने वाला, मन का कोमल, स्निध-हृदय, कृपाशील और रामजी के सेवकगणों की रक्षा करने वाला है। ऐसे दास के मन में क्रोध और चिड़िचिड़ाहट कहां से आयेगी! सर्वोत्तम रामचंद्रजी का ऐसा दास संसार में धन्य है। रे मन! तू अपने अंदर दु:ख को तथा शोक और चिंता को कहीं स्थान ने दे। देह-गेहादि की आसक्ति विवेक करके छोड़ दे और उसी विदेही अवस्था में मुक्ति-सुख का उपभोग कर रे मन! राधव के अतिरिक्त तू (दूसरी) कोई बात न कर। जनता में वृथा बोलने से सुख नहीं होता। काल घड़ी-घड़ी आयु को हरण कर रहा है। देहावसान के समय तुझे छुड़ाने वाला (बिना श्रीरामचंद्रजी के) और कौन है? अपने (बुरे) आचरण में सोच-विचार करके परिवर्तन कर। अति आदर के साथ शुध्द आचरण कर। लोगों के सामने जैसा कह, वैसा कर। (और) मन! कल्पना और संसार के दु:ख को छोड़ दे। विवेकपूर्ण आचरण रे मन! क्रोध की उत्पति मत होने दे। सत्संग में बुध्दि का निवास हो। दुष्ट-संग छोड़ दे। (इस प्रकार) मोक्ष का अधिकारी बन। जो सोच-विचारकर बोलता है और विवेकपूर्ण आचारण करता है। उसकी संगति से अत्यंत त्रस्त लोगों को भी शांति मिलती है। अत: हित की खोज किये बिना कुछ मत बोल और लोगों में संयमित और शुध्द आचरण कर। रे मन! सभी आसक्ति छोड़ और अत्यादरपूर्वक सज्जनों की संगति कर। उनकी संगति से संसार का महान दु:ख दूर हो जाता है और बिना किसी अन्य साधना के संसार में सन्मार्ग की प्राप्ति होती है। रे मन! सत्संग सर्व (संसार के) संगों से छुड़ाने वाला है। उससे तुरंत मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह संग साधक को भवसागर से शीघ्र पार करता है। सत्संग द्वैत-भावना का समूल नाश करता है। जो बिना आचरण किये हुए नाना प्रकार की (ब्रह्मज्ञान की) बातें करता है। तुरंत जिसका पानी मन में उसे मन ही मन धिक्कारता है। जिसके मन में कल्पनाओं की मनमानी दौड़ चलती है। ऐसे मनुष्य को ईश्वर की प्राप्ति कैसे होगी।

## स्कूल में भर्ती ( कहानी )




राजू 3 साल का है उसके स्कूल में दाखिला करने का वक्त आ गया है। इसका दाखिला किस स्कूल में कराएं, घर वाले 6 महीने से इस बात पर चर्चा कर रहे थे। किंतु फिर भी कोई एक स्कूल नहीं चुन पाए थे। हर कोई नया-नया स्कूल का नाम बता रहा था। आखिर में दाखिले वाला दिन आ गया। अब दाखिले के लिए स्कूल के फार्म स्कूल की व्यवस्था व पढ़ाई, व स्कूल टाइम का पता लगाना शुरू किया गया। अंग्रेजी-स्कूलों की मांग थी कि बच्चे के मां-बाप अंग्रेजी बोलना, लिखना, पढ़ना जानते हों। किंतु राजू के बाप तो एक मामूली दुकानदार थे। इसीलिए उन्हें अंग्रेजी नहीं आती थी। अब समस्या ये थी कि कहीं पर भी अंग्रेजी स्कूल में भर्ती हो जाए। काफी धूल छानने के बाद एक छोटा सा अंग्रेजी माध्यम का प्राइवेट स्कूल मिला। अब समस्या ये थी कि वह घर से काफी दूर है। और बच्चा काफी छोटा है पढ़ाई जरूरी या बच्चा? यह भी एक समस्या थी। थक-हार कर उसका (राजू का) दाखिला हिंदी माध्यम में ही करा दिया गया। मगर अभी राजू के पापा ने हार नहीं मानी थी। वह अंग्रेजी स्कूल में दाखिला कराने के बाद भागदौड़ कर रहे थे। एक माह बाद एक विद्यालय में एक सीट खाली मिल ही गई। और इस दाखिले के उसे कुछ पैसा भी खर्च करना पड़ा। आखिर राजू का दाखिला अंग्रेजी विद्यालय में हो ही गया। और उसका एक माह हिंदी विद्यालय मं बैठने का आभास भी हो गया था। राजू का समय भी खराब नहीं हुआ और वह अंग्रेजी विद्यालय में भी पढ़ने लगा है। ये राजू के दिमाग का काम था। राजू के पिता हिंदी भी सही से नहीं जानते थे पर उन्होंने अपने बच्चे को अच्छा पढ़ाने के लिए बड़ा परिश्रम किया आजकल दाखिला भी बहुत मुश्किल से होता है पर अब राजू का तो, देर से ही सही दाखिला हो ही गया था।

## 30 जनवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.11 प्रात-
सूर्यास्त- 06.08 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 07.47 प्रात-
चंद्र अस्त- 07.09 सायंकाल
चंद्रमा- साय- 06.35 उपरांत कुम्भ राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-01 पूर्णिमांत महीना माघ-17, पक्ष- शुक्ल पक्ष 01, तिथि- प्रतिपदा दोपहर- 04.01 तक बाद में द्वितीया, नक्षत्र-श्रवण प्रात- 07.15 तक बाद में धनिष्ठा प्रात- 05.50 तक बाद में शतभिषा, योग-व्यतिपात सायं- 06.33 तक बाद में वरीयान,करण- बव दोपहर- 04.10 तक बाद में प्रात- 03.06 तक बाद में कौलव, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, यमगंड प्रात: 06.00 से 07.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त- 12.18 से 01.02 तक, दुमुहूर्त प्रात- 10.50 से 11.34 तक दोपहर- 03.13 से 03.57 अमृत काल प्रात- 08.02 से 09.32 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.35 से 06.23 तक।

## 30 जनवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- घर में किरायेदार रख सकते है, नए घर में प्रवेश होगा, घुटने, सर में परेशानी का ध्यान रखें, तरल पदार्थ के व्यवसाय में लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-69

वृषभ-महत्वपूर्ण यात्रा होगी, माता की ओर से अच्छा सुझाव मिलेगा, लोन पर कोई चीज़ लेना होगा, कोई फैसला ले तो उसे बदल सकते है।
भाग्य प्रतिशत-60

मिथुन-विज्ञापन के क्षेत्र में कार्य करते है तो उन्नती होगी, कार्ड प्रिंटिंग प्रेस, रेस्टोरेंट कार्य लाभ देगा, किसी से गर्मागर्मी हो सकती है थोड़ा दूर रहें।
भाग्य प्रतिशत-70

कर्क-अपने बारे में विचार अधिक करेंगे,जीवन में बड़े बदलाव होंगे, काम में व्यस्तता भी बढ़ेगी, नए मित्र भी बनेंगे।
भाग्य प्रतिशत-71

सिंह- कुछ नया कार्य शुरू करना चाहेंगे जिससे आमदनी बढ़ेगी, भाई बहनो के जीवन में कुछ अच्छा होगा, व्यवसायिक डील से फ़ायदा होगा।
भाग्य प्रतिशत-73

कन्या- परिवार में मेहमान आयेंगे, स्वागत सत्कार करेंगे, खर्चा भी होगा, पत्नी से नोकझोंक से बचे, चिकित्सा, कंस्ट्रक्शन, खेलकूद व्यवसाय से आमदनी होगी।
भाग्य प्रतिशत-70

तुला-मीडिया में है तो दूसरे चैनल, पेपर में नौकरी सम्भव है, चल रहे कानूनी मसले में थोड़ी टेंशन रहेगी, घर में लोगों का आना जाना रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-65

वृश्चिक- लोगों से सहयोग प्राप्त होगा, छोटी यात्रा करेंगे, विदेश से नौकरी का ऑफर मिल सकता है, बैंकिंग कार्य अच्छे से करे।
भाग्य प्रतिशत-64

धनु-आमदनी बढ़ेगी, विदेश रहते है तो परिवार से मिलने आ सकते है, गर्भवती स्त्री को पुत्री संतान प्राप्त हो सकती है, जीवन साथी को थोड़ा तनाव सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-70

मकर- किस कार्य से जीवन चलाए विचार करेंगे, मकान में कुछ सही कराना पड़ सकता है, संगीत इंस्टीट्यूट, बुटीक, श्रृंगार व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत-57

कुम्भ-अच्छे विचार आयेंगे, भाग्य भी साथ देगा, दूसरे कार्य से इन्कम होगी, सेना, पुलिस, कम्प्यूटर,तांबा,पीतल
कार्य से लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-79

मीन- कार्यक्षेत्र में अच्छी इन्कम होगी, संतान की उन्नति होगी, प्राइवेट जॉब मिल जाएगी, दान दक्षिणा में खर्च भी करेंगे, कमर्शियल प्रॉपर्टी ले सकते है।
भाग्य प्रतिशत-63

# फिल्म तेरे इश्क में का नया टीजर रिलीज



मुंबई । दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार धनुष और अभिनेत्री कीर्ति सेनन की आने वाली फिल्म तेरे इश्क में% का नया टीजर रिलीज हो गया है। जाने माने फिल्मकार आनंद एल राय सुपरहिट फिल्म रांझणा की सफलता के बाद एक बार फिर से धनुष के साथ फिल्म तेरे इश्क में साथ काम करने के लिए तैयार हैं।इस फिल्म में धनुष के साथ कीर्ति सेनन की मुख्य भूमिका होगी। फिल्म तेरे इश्क में के पहले टीजर में सिर्फ अभिनेत्री की आवाज सुनाई दी थी।टीजर में धनुष हाथ में मशाल लिए कहते हैं, पिछली बार तो कुंदन था मान गया, पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे।जिसके बाद एक वॉइस ओवर आता है जिसमें एक मिस्ट्री गर्ल की आवाज होती है, जो कहती है- शंकर, इश्क में बस लड़के ही मरते हैं क्या, कुछ लड़कियां भी कलेजा रखती हैं जान देने का। फिल्म तेरे इश्क में के दूसरे टीजर में कीर्ति सेनन का चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। टीजर में कृति दंगो के बीच नजर आ रही हैं और जब वह आगे बढ़ती हैं तो अपने ऊपर पेट्रोल छिड़कती नजर आईं और फिर उन्होंने सिगरेट जलाई और इसी क्लीप के साथ टीजर खत्म हो जाता है। कृति ने इंस्टाग्राम पर फिल्म तेरे इश्क में का टीजर शेयर किया और लिखा, %कुछ लव स्टोरीज आग की लपटों से उभरने के लिए होती हैं। इसका सबूत हैं शंकर और मुक्ति...तेरे इश्क में%। इसके आगे फिल्म की रिलीज तारीख भी लिखी है। यह फिल्म 28 नवंबर, 2025 को रिलीज होगी।

## शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान मजबूती का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में कुछ देर के लिए गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी देर में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर दोनों सूचकांकों की रफ्तार को तेज कर दिया। सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.38 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। सुबह 10 बजे तक के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज ऑटो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, विप्रो, श्रीराम फाइनेंस और इन्फोसिस के शेयर 4.02 प्रतिशत से लेकर 1.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ब्रिटानिया और नेस्ले के शेयर 1.51 प्रतिशत से लेकर 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,349 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,001 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 348 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 9 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 236.8 3 अंक की तेजी के साथ 76,138.24 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 76,257.28 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके थोड़ी देर बाद बिकवाली का दबाव बन गया, जिससे सेंसेक्स ने 75,983.53 अंक तक गोता भी लगा दिया। हालांकि इसके बाद एक बार फिर खरीदारों ने जोर लगाया, जिससे इस सूचकांक की रफ्तार में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 288.70 अंक की तेजी के साथ 76,190.11 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 69.50 अंक उछल कर 23,026.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद लिवाली के सपोर्ट से ये सूचकांक 23,069.8 5 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये 22,976.50 अंक तक गिर भी गया। हालांकि थोड़ी देर में खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद निफ्टी 92.75 अंक की बढ़त के साथ 23,050 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 535.24 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 75,901.41 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 128.10 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,957.25 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## आईफा पुरस्कार में राज कपूर को श्रद्धांजलि देंगी करीना कपूर खान



मुंबई । अभिनेत्री करीना कपूर खान अंतरराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आईफा) पुरस्कार में अपने दादा राज कपूर को नृत्य प्रस्तुति के जरिये श्रद्धांजलि देंगी। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आईफा 2025 के 25वें संस्करण में भारतीय सिनेमा में राज कपूर के अभूतपूर्व योगदान को दर्शाते हुए करीना प्रस्तुति देंगी। करीना ने कहा, '' यह मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि इसमें मैं, मेरे दादा राज कपूर को श्रद्धांजलि देने वाली हूं। उनकी 100वीं जयंती हाल ही में पूरे देश में धूमधाम से मनाई गई।
यह मेरे लिए एक अविश्वसनीय क्षण है कि मैं उनकी विरासत, परिवार और सिनेमा की शक्ति को एक साथ पेश करने जा रही हूं।'' राज कपूर की 100वीं जयंती के अवसर पर कपूर परिवार ने पिछले साल दिसंबर में तीन दिवसीय 'आरके फिल्म उत्सव' का आयोजन किया था।
आईफा पुरस्कार 2025 का आयोजन आठ-नौ मार्च को जयपुर में किया जाएगा।

## इंग्लैंड ने भारत को 26 रनों से हराया



राजकोट । पांच टी20 मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 26 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने सीरीज में खुद को बरकरार रखा है। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टी20 मैच में राजकोट के निरंजन शाह क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतने के बाद पहले फील्डिंग करने का फैसला किया था। मुकाबले में इंग्लैंड की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 9 विकेट के नुकसान पर 171 रन का स्कोर खड़ा किया था, जिसके जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 145 रन ही बना पाई।भारत के लिए तीसरे टी20 मैच में कोई भी बल्लेबाज अपना कमाल नहीं दिखा सके। हार्दिक पांड्या ने जरूर कुछ देर के लिए क्रीज पर समय बिताया, लेकिन इंग्लैंड की कसी हुई गेंदबाजी के आगे वह बेबस नजर आए। हार्दिक पांड्या ने 35 गेंद में 40 रनों की पारी खेली, जिसमें 2 छक्के और 1 चौका शामिल रहा। टी20 में टीम इंडिया के लिए हार्दिक की यह सबसे धीमी पारियों में से एक थी। इसके अलावा अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन भी कुछ खास नहीं कर पाए जबकि दूसरे टी20 में जीत के हीरो रहे तिलक वर्मा सिर्फ 18 रन बनाकर बोल्ड हो गए। भारत के लिए इस मुकाबले में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कमाल की गेंदबाजी की। वरुण ने इस टी20 में अपना पंजा खोला। हालांकि, उनकी यह मेहनत टीम इंडिया के लिए काम नहीं आई। वरुण चक्रवर्ती ने टीम इंडिया के लिए चार ओवर के स्पेल में 24 रन देकर 5 विकेट झटके। वरुण के अलावा हार्दिक पांड्या ने भी दो विकेट हासिल किए। वहीं रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल ने भी अपनी फिरकी-फिरकी से एक-एक सफलता हासिल की। इसके अलावा 436 दिन बाद टीम इंडिया के लिए मैदान पर वापसी करने वाले मोहम्मद शमी ने तीन ओवर की गेंदबाजी की जिसमें उन्हें एक भी विकेट हासिल नहीं हुआ है। इस तरह गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन का फायदा टीम इंडिया के बल्लेबाज नहीं उठा पाए। इंग्लैंड की जीत में स्पिनर आदिल राशिद बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खास तौर से बीच के ओवर में भारतीय बल्लेबाजों को उन्होंने पूरी तरह से बांध दिया था। इस दौरान वह बीच में विकेट भी निकाले, जिससे टीम इंडिया पर दबाव बढ़ता चला और इंग्लैंड की टीम ने मैच को अपने नाम कर लिया। आदिल राशिद की गेंदबाजी की बात करें तो उन्होंने 4 ओवर में सिर्फ 15 रन दिए और 1 विकेट भी हासिल किया। आदिल राशिद के अलावा इंग्लैंड की तरफ से मैच में जैम ओवरटर्न ने सबसे ज्यादा तीन विकेट अपने नाम किए। ओवरटर्न के अलावा इंग्लिश टीम की तरफ से जोफ्रा आर्चर और ब्रेडन कार्स के खाते में भी दो-दो विकेट आया जबकि मार्क वुड ने भी अपनी टीम के लिए एक सफलता हासिल की। इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजी में ओपनर बल्लेबाज बेन डकेट ने आकर्षक पारी खेली। बेन डकेट ने अपनी टीम के लिए पारी की शुरुआत करते हुए 28 गेंद में 51 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के भी लगाए। बेन डकेट के अलावा लियाम लिविंगस्टोन ने भी दमदार खेल दिखाया। लिविंगस्टोन ने अपनी टीम के लिए 43 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। लिविंगस्टोन ने अपनी इस पारी में 24 गेंद का सामना किया, जिसमें 5 छक्के और 1 चौका शामिल रहा। इन दोनों के अलावा टीम के कप्तान जोस बटलर ने 24 रनों की पारी खेली। वहीं आदिल राशिद और मार्क वुड ने 10-10 रन बनाए, जिससे टीम 171 रनों के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंच पाई।

## सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की कम हुई चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार लगातार गिरावट का रुख बना हुआ है। सोने के भाव में आज 300 रुपये से लेकर 320 प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 81,920 रुपये से लेकर 8 2,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,090 रुपये से लेकर 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 81,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 8 1,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 81,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 81,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 81,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।
देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 8 1,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 75,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## रुपया बढ़त के साथ खुला



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.39 पर खुला। वहीं गत दिवस रुपया 86.56 पर बंद हुआ। गत दिवस रुपया शुरुआती कारोबार में 26 पैसे कमजोर होकर 8 6.57 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती से रुपये पर दबाव जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.53 पर खुला और फिर फिसलकर 86.57 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 26 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया सोमवार को नौ पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.31 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.49 फीसदी की बढ़त के साथ 107.86 पर रहा।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## गुलावठी में दुकानदार से मारपीट का वीडियो वायरल, पुलिस जांच में जुटी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी नगर के सैदपुर रोड स्थित आर्य कन्या कॉलेज के पास एक दुकानदार के साथ मारपीट का वीडियो वायरल हो गया है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें पड़ोसी दुकानदार को पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। पीड़ित दुकानदार कुल्हड़ पिज्जा और केक की बिक्री करता है और रोजाना की तरह अपनी दुकान पर बैठा था, तभी पड़ोसी दुकानदार अचानक उसकी दुकान में घुस आया और उस पर लात-घूंसों की बौछार कर दी। पीड़ित का आरोप है कि पड़ोसी से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है, जिसके चलते आए दिन झगड़े होते रहते हैं। कल आरोपी ने अपने पुत्रों और कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी दुकान में घुसकर मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी सुनीता मलिक ने बताया कि पूरी घटना की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद नगरवासियों में आक्रोश है और वे न्याय की मांग कर रहे हैं।

## प्रयागराज में राष्ट्रीय बजरंग दल का सेवा शिविर, श्रद्धालुओं को मिला निशुल्क भोजन-पानी





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। प्रयागराज में श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया, जहां निशुल्क भोजन और पानी की व्यवस्था की गई। यह सेवा कैंप सेक्टर 8 में प्रवीण तोगड़िया के मार्गदर्शन में लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन व पानी ग्रहण किया। कार्यक्रम में बजरंग दल के कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ सेवा कार्यों में जुटे रहे और श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता प्रदान की। गुलावठी नगर के राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांतीय महामंत्री नीरज सैनी ने इस कैंप में अपनी पूरी सेवाएं प्रदान कीं और श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा। श्रद्धालुओं ने बजरंग दल की इस पहल की सराहना की और इसे सराहनीय समाज सेवा बताया। आयोजन के दौरान धार्मिक और सेवा भावनाओं से ओतप्रोत माहौल देखने को मिला, जिससे श्रद्धालुओं को न सिर्फ भौतिक बल्कि आध्यात्मिक संतुष्टि भी मिली।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ, श्रद्धालुओं ने लिया भाग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर की देवलोक कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मातृशक्ति की भी विशेष उपस्थिति रही, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। संकट मोचन हनुमान मंदिर की प्रतिष्ठा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और यह क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थलों में शामिल हो गया है। इस मंदिर की पंचमुखी हनुमान प्रतिमा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा, मंदिर में मां दुर्गा, शिवालय, लक्ष्मी-नारायण, राधा-कृष्ण, विश्वकर्मा और शनिदेव की भव्य प्रतिमाएं भी विराजमान हैं, जिससे यह क्षेत्र का एक संपूर्ण और धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है। हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम के अवसर पर संजीव कौशिक, रामकुमार, आदेश चौहान, सोनू वर्मा, कुलदीप वर्मा, हरित शर्मा, टिया, संजय शर्मा, दिनेश कौशिक, मुकेश सिसोदिया, अर्जुन सिसोदिया सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस धार्मिक आयोजन से श्रद्धालुओं में विशेष ऊर्जा और आस्था का संचार हुआ।

## थाना औरंगाबाद पुलिस द्वारा पुराने मुकदमों से संबंधित शस्त्रों का नष्टकरण





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (सचिन शर्मा)। आज माननीय न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना औरंगाबाद पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और अन्य अभियोगों से संबंधित कुल 225 माल मुकदमे (तमंचे, चाकू आदि) को नष्ट कराया। यह कार्यवाही थाना औरंगाबाद में की गई, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद, उप जिला मजिस्ट्रेट सदर श्री नवीन कुमार, अभियोजन अधिकारी श्री नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियोजन अधिकारी कु0 पूजा, थाना प्रभारी औरंगाबाद श्री नितिश भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारीगण और कर्मचारीगण मौजूद रहे। नष्ट किए गए इन शस्त्रों में विभिन्न प्रकार के हथियार शामिल थे, जो पहले के मामलों में जब्त किए गए थे। इस दौरान जनता के सम्मानित व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही, जो इस महत्वपूर्ण कार्यवाही का हिस्सा बने। अपर पुलिस अधीक्षक श्री शंकर प्रसाद ने इस कार्यवाही की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह कदम समाज में अपराध की प्रवृत्तियों को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## शिकारपुर में भव्य मनोरंजन प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। शिकारपुर के रामलीला मैदान में भव्य मनोरंजन प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ किया गया। शिकारपुर विधायक अनिल शर्मा और नगर पालिका चेयरमैन राजबाला सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर मेले की शुरुआत की। उद्घाटन से पहले अतिथियों का ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और पगड़ी पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। सांसद डॉ. भोला सिंह के प्रतिनिधि प्रभात उर्फ टिंकलू शर्मा ने बताया कि यह मेला नगरवासियों के लिए विशेष होगा और इसमें मनोरंजन से जुड़ी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं, योगेंद्र उर्फ राहुल चौधरी ने कहा कि इस बार मेले में कई नए और अनोखे आकर्षण जोड़े गए हैं, जिससे यह और भी भव्य बनेगा। मेले में पार्किंग, स्वादिष्ट व्यंजन, रोमांचक झूले और अन्य मनोरंजन साधन उपलब्ध कराए गए हैं। इसमें सोफ्टी, खजला, नोन खटाई, हलुआ पराठा जैसी स्वादिष्ट चीजें भी लोगों को खूब लुभाएंगी। इस अवसर पर प्रभात उर्फ टिंकलू शर्मा, योगेंद्र उर्फ राहुल चौधरी, रत्न प्रकाश पांडे, कृष्ण कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार सिंघल, वीरेंद्र कुमार गर्ग, पुरुषोत्तम वार्ष्णेय, शैलेन्द्र शर्मा, टीटू सैनी, विकास गर्ग, नीतीश कुमार, सतीश सैनी, राजेंद्र लौधी, प्रशांत विश्वास, जबर सिंह, जगदीश आर्य समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगरवासियों और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह मनोरंजन प्रदर्शनी मेला एक विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां हर उम्र के लोग अपने लिए कुछ न कुछ खास अनुभव कर सकेंगे।

## मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में किया अमृत स्नान, संगम का जल प्रवाहित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। नरौरा क्षेत्र के तीर्थ स्थल राजघाट में मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बुधवार सुबह से ही श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचने लगे और वहां मौजूद ब्राह्मणों से मौनी खोलवाई। इस पावन अवसर पर रोहिताश कुमार शर्मा द्वारा प्रयागराज संगम का जल मंगवाकर विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ सुबह छह बजे राजघाट के पक्के गंगा घाट पर प्रवाहित किया गया। जल प्रवाह के बाद श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के जयकारों के बीच गंगा में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। राजघाट, बांके बिहारी घाट, दुर्गा देवी घाट, लोकमन घाट सहित विभिन्न घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। श्रद्धालु आगरा, मथुरा, हाथरस, सासनी, बहजोई, अलीगढ़, चंदौसी और डिबाई जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से आए थे। पूरे गंगा घाट पर भक्तिमय माहौल बना रहा और हर तरफ गंगा मैया के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन घाटों पर तैनात रहा, जिससे कोई अप्रिय घटना न हो। इस धार्मिक अनुष्ठान में सीताराम बाबा आश्रम के आचार्य दिवाकर पांडे, आचार्य प्रशांत मिश्रा, अर्जुन शर्मा, शिवा पांडे, हिमांशु शर्मा, दीपांशु मिश्रा, आदित्य तिवारी, विशाल जोशी, प्रियांशु बाजपेयी, अंशु शुक्ला, आयुष्मान शुक्ल सहित कई विद्वान पंडित एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके अलावा, महर्षि दयानंद आर्य गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय राजघाट के स्वामी अमरेश्वरानंद, मंत्री पंडित नरपति देव आर्य, बुद्ध सैन, बालकिशन, विक्रम सिंह, सोमवीर, ज्ञानेश्वर, सूर्य देव आर्य, पवन, सुनील आर्य सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन में भाग लिया। इस अवसर पर कनक भारद्वाज, निधि शर्मा, बबीता गोयल, निशा गोयल, यश गोयल, नेयरा गोयल, गिरजानंद बाई समेत बड़ी संख्या में महिलाओं और बच्चों ने भी गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित किया। गंगा में संगम का जल प्रवाहित करने की इस परंपरा को सभी श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक रूप से अत्यंत शुभ बताया और आयोजकों की सराहना की।

## प्रयागराज भगदड़ में मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वास्थ्य की कामना, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गंगा तट पर प्रार्थना की



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। प्रयागराज संगम तट पर मंगलवार देर रात हुई भगदड़ में मृतक श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अनूपशहर के गंगा तट पर एक विशेष श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर पूरे उत्तर प्रदेश में पार्टी कार्यकर्ताओं ने धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना की, जिसके तहत जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ और नगर अध्यक्ष सलाम खां के नेतृत्व में अनूपशहर के परशुराम गंगा घाट पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मां गंगा से मृतकों की आत्मा की मोक्ष प्राप्ति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं से अपील की गई कि आगामी स्नान के दौरान प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें और एडवाइजरी के अनुसार ही कुंभ स्नान करें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। इस श्रद्धांजलि सभा में कांग्रेस कार्यकर्ता राजेश शर्मा, जीशान कुरैशी, राजेंद्र शर्मा, मोहम्मद उमर, कौशल शर्मा, नेमपाल सिंह, नटवर लाल शर्मा एडवोकेट, ईशु शर्मा, मोहन सरीन, हेमंत शर्मा, चांद खां सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मां गंगा से प्रार्थना कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। 29 जनवरी 2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला समाज कल्याण विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग (विकास), जिला प्रोबेशन विभाग, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, श्रम विभाग, जिला सेवायोजन विभाग, खेल विभाग और उत्तर प्रदेश खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं और चल रहे निर्माण कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) और जनसेवा केंद्र के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने रिक्त खाद्य रसद दुकानों को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आवंटित करने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लक्ष्य को समय से पूरा करने और अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित कोचिंग में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देश भी दिया कि शासन द्वारा संचालित सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र लाभार्थियों को समय पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि आम जनता को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

## गुलावठी में मिलावटी पनीर का धंधा जोरों पर, स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गुलावठी (सैय्यद मजहर)। गुलावठी नगर में मिलावटी पनीर का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। केमिकल युक्त सिंथेटिक पनीर खुलेआम सप्लाई हो रहा है और यह ज्यादातर दुकानों व ढाबों तक पहुंचाया जा रहा है। इसे 350 रुपए प्रति किलो की दर से बेचा जा रहा है, जबकि स्थानीय प्रशासन इस पर प्रभावी कार्रवाई करने में अब तक असफल नजर आ रहा है। नगरवासियों ने हाल ही में एक थ्री-व्हीलर से पनीर की सप्लाई होते हुए देखा और इसकी तस्वीरें खींचकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार नगर में कोई पनीर का प्लांट नहीं है, फिर भी रोजाना कई कुंतल नकली पनीर की आपूर्ति हो रही है। हाल ही में सैदपुर रोड पर एक गाड़ी को पकड़ा गया था, जिसमें भारी मात्रा में मिलावटी पनीर भरा हुआ था। सूत्रों के मुताबिक यह मिलावटी पनीर आसपास के गांवों से सप्लाई किया जाता है और बिना किसी रोक-टोक के बाजार में बेचा जा रहा है। चिकित्सक डॉक्टर लोकेश कौशल्या ने बताया कि इस केमिकल युक्त पनीर का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हो सकता है। इसके लगातार सेवन से लिवर और किडनी फेल होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने और केवल शुद्ध मावा खरीदकर खाने की सलाह दी है। नगरवासियों ने प्रशासन से इस मिलावटी पनीर के कारोबार पर तुरंत रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## दरगाह बन्नेर शरीफ में महाकुंभ की सफलता और भगदड़ पीड़ितों के लिए कांग्रेस नेता ने कराई दुआ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर जिले के छतारी क्षेत्र स्थित चौड़ेरा गांव की दरगाह बन्नेर शरीफ में प्रयागराज महाकुंभ के सफल आयोजन और सकुशल संपन्न होने के लिए विशेष दुआ कराई गई। मुस्लिम समाज ने चादरपोशी कर भाईचारे और मोहब्बत की मिसाल पेश की। कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी व युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोगों और मदरसे के छात्रों ने बाबा बहाउद्दीन बदरुल हिंद रह. अलै. की मजार पर चादर चढ़ाई और महाकुंभ में भगदड़ के दौरान जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए दुआ की। साथ ही, हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की गई। दरगाह के इमाम गुलाम नबी ने चादरपोशी कराते हुए महाकुंभ में भगदड़ के शिकार हुए मृतकों को जन्नत में आला मुकाम मिलने, देश में अमन-शांति और भाईचारा कायम रहने की दुआ कराई। महाकुंभ की सफलता के लिए दरगाह बन्नेर शरीफ में दुआ होने की पूरे क्षेत्र में सराहना की जा रही है।कांग्रेस नेता जियाउर्रहमान एडवोकेट ने हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही और प्रशासन द्वारा वीआईपी कल्चर को बढ़ावा देने के कारण यह दुर्घटना हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि हादसे के पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान, इमाम गुलाम नबी, दयाल, सुरेंद्र उपाध्याय, सूफी अल्ताफ खान, अहमदनूर खान, रमजानी खान, अकील खान, सगीर अहमद, नवाब खान सभासद, नवेद समेत कई लोग मौजूद रहे।

## रतलाम में IDFC FIRST Bank और आनन्दा फाउंडेशन की पहल, श्वेतधारा और जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी का शुभारंभ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। रतलाम जिले के बोरखेड़ा गांव में IDFC FIRST Bank और आनन्दा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से श्वेतधारा कार्यक्रम और जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी का शुभारंभ किया गया। यह पहल मध्य प्रदेश के पांच जिलों में डेयरी किसानों और महिला किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन आनन्दा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आर. एस. दीक्षित, IDFC FIRST Bank की CSR प्रमुख सुश्री रचना अय्यर और CSR मैनेजर श्री ललित वेदुला ने किया। इस अवसर पर जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी के सदस्य किसानों को शेयर सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी ने पशुपालन को अधिक लाभकारी बनाने के लिए पशु आहार, मिनरल मिक्सचर और कपासिया खली जैसे उत्पादों का भी शुभारंभ किया। इन उत्पादों से किसानों को बेहतर दूध उत्पादन और पशुओं के स्वास्थ्य में सुधार की सुविधा मिलेगी। इसके अलावा, किसानों को जागरूक करने और आवश्यक जानकारी प्रदान करने के लिए जोविता रथ की भी शुरुआत की गई। IDFC FIRST Bank की CSR प्रमुख सुश्री रचना अय्यर ने कहा कि यह परियोजना न केवल किसानों की आय में वृद्धि करेगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान करेगी। आनन्दा फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. आर. एस. दीक्षित ने इसे ग्रामीण भारत में बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम में IDFC FIRST Bank से सुश्री रचना अय्यर, श्री ललित वेदुला और श्री नितीश आर्य, आनन्दा फाउंडेशन से डॉ. आर. एस. दीक्षित, कार्यकारी निदेशक रज़ीउल हसन और प्रबंधक नितिन कुमार, जोविता मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती विनीता नायर और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की सदस्य रम्भा और रानी कटारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद सभी विशिष्टजनों ने किसानों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया और उनकी भलाई के लिए निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के डेयरी किसानों और महिला किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए IDFC FIRST Bank और आनन्दा फाउंडेशन के संकल्प को दर्शाती है।

## ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलन्दशहर पुलिस ने 05 आरोपियों को दिलवायी 10-10 वर्ष की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (सचिन शर्मा)। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलन्दशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी कर मारपीट के 05 आरोपियों को 10-10 वर्ष का कारावास और 19-19 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी। यह घटना वर्ष 2022 की है, जब आरोपियों ने वादी श्री भूप्रकाश के भाई के साथ मारपीट की थी, जिससे वादी के भाई की मृत्यु हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अभियुक्तों 1. गौरव पुत्र योगेश, 2. मोहित पुत्र धनीराम, 3. राजकुमार उर्फ राजू, 4. उमेश पुत्र दिनेश और 5. हिमांशु उर्फ भूरा ने 2022 में वादी के भाई के साथ गाली-गलौच और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी, जिससे घटना के बाद वादी के भाई की मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना डिबाई में मुअसं 292/2022 दर्ज किया गया था और पुलिस ने आरोप पत्र 29 अगस्त 2022 को न्यायालय में पेश किया। इस मामले को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिन्हित किया गया और बुलन्दशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी की। अभियोजन की ओर से 13 गवाहों की परिक्षा के बाद न्यायाधीश श्री तरुण कुमार सिंह (विशेष जज पोक्सो एक्ट) ने अभियुक्तों को दोषी मानते हुए उन्हें 10-10 वर्ष का कारावास और 19-19 हजार रुपये का अर्थदण्ड देने का आदेश दिया। इस अभियोजन पक्ष की सफल पैरवी में अभियोजक श्री सुनील कुमार, श्री वरुण कुमार और श्री आशुतोष सिंह का योगदान सराहनीय रहा। बुलन्दशहर पुलिस की यह सफलता ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा आयोजित कला लेखन व स्वच्छता अभियान पर स्लोगन प्रतियोगिता





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । ( पुष्पेन्द्र कुमार) यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी द्वारा केंद्र सरकार के निर्देश पर श्री गुरु नानक जूनियर हाई स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बच्चों के मध्य कला लेखन प्रतियोगिता एवं स्वच्छता अभियान पर स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। प्रख्यात कवि एवं साहित्यकार डा अनिल बाजपेई ने कहा कि इस प्रकार से आयोजित प्रतियोगिताएं छिपी प्रतिभाओं को सामने लाती हैं। बच्चे आने वाला कल हैं। देश का उज्वल भविष्य हैं। देश की बागडोर इनको ही संभालनी है।भविष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं का सामना करने के लिए यदि ये बच्चे मानसिक रूप से तैयार रहेंगे तो ये बच्चे देश को अपना सर्वश्रेष्ठ दे पाएंगे।

प्रतियोगिता के पुरस्कार वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रियंका त्यागी ,पंकज राणा धीरज शर्मा और डा अनिल बाजपेई द्वारा वितरण किए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक प्रियंका त्यागी द्वारा बताया गया कि शहर के अन्य कुछ और विद्यालयों के बच्चों के मध्य संयुक्त प्रतियोगिता बहुत शीघ्र ही उपरोक्त कंपनी द्वारा आयोजित की जाएंगी जिसमें हापुड़ जनपद के प्रतिभावान बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके।धीरज शर्मा ने कहा कि प्रतियोगिताओं से कड़ी मेहनत करना,लक्ष्य हासिल करना एवं दूसरों से सीखने का मौका मिलता है तो वहीं पंकज राणा ने कहा कि प्रतियोगिताओं से आत्मसम्मान एवं सामाजिक कौशल विकसित होता है कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्राचार्या गगनदीप कौर ने कंपनी के अधिकारियों व कर्मचारियों का धन्यवाद व्यक्त किया । डॉक्टर अनिल वाजपेयी एवं पंकज राणा को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट मनीष साध, धीरज शर्मा, राहुल कुमार, प्रमोद कुमार, प्रीतम सिंह, सारिका एवं नीतू जगोत्रा के साथ- साथ विद्यालय परिसर का समस्त स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहा!

# एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजापुर में संपन्न



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद । स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल एवं नेतृत्व क्षमता हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का समापन समारोह आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रजापुर में संपन्न हुआ। उक्त कार्यशाला में नगर क्षेत्र तथा रजापुर ब्लॉक की उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों की एक-एक सुगमकर्ता ने भाग लिया। प्रशिक्षण की संदर्भ दाता मीना कुमारी , रेनू चौहान,अंजू सैनी ने प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में प्रगति के पंख पुस्तिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए प्रत्येक शनिवार को होने वाली मीना मंच गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। मीना मंच के उद्देश्यों को कॉमिक्स बुक द्वारा अत्यंत सरल और रोचक ढंग से राज्य परियोजना द्वारा प्रेषित किया गया है। इन 6 कॉमिक्स बुक्स पर सभी सदस्यों की समझ विकसित की गई तथा रोल प्ले के माध्यम से प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कविता चौहान द्वारा स्वयं के अनुभव साझा करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि मीना मंच में सभी छात्र-छात्राओं की विशेष रूचि होती है इसलिए मीना मंच के माध्यम से हम छात्राओं में आत्मविश्वास, निडरता और क्षमता में संवर्धन कर सकते हैं इसके लिए हम सब की साझा जिम्मेदारी है। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल ने प्रतिभागियों से अपील की कि प्रत्येक शनिवार मीना मंच की गतिविधियों को करने के पश्चात टूल टेन गूगल लिंक अवश्य भरा जाए जिससे प्रदेश स्तर तक हमारे विद्यालयों में की जा रही गतिविधियों की सूचना पहुंचे। प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय में मीना मंच सुगमकर्ता की यह जिम्मेदारी रहेगी कि वह अरमान मॉड्यूल, प्रगति के पंख और कॉमिक्स के सत्र करवाए । प्रत्येक विद्यालय में एक मीना और कक्षा 6 ,7 और 8 में एक एक पावर एंजेल बनाई जाती है। इस प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग यूनिसेफ के सदस्यों द्वारा भी की जा रही है। जिला नोडल पूनम शर्मा ने सुगमकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी प्रत्येक छात्रा आत्मविश्वास से भरी होनी चाहिए तथा उसके प्रति या उसके आसपास होने वाली किसी भी घटना के प्रति उसे आवाज उठाना आना चाहिए। किसी भी प्रकार का उत्पीड़न सहने की बजाय उसे उजागर करने की हिम्मत और अपनी बात रखने का तरीका आना चाहिए। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग उन्हें आना चाहिए। संदर्भदाताओ ने विभिन्न गतिविधियों तथा पीपीटी के माध्यम से कुशलता पूर्वक दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न कराया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी रजापुर कविता चौहान, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा कुणाल मुद्गल, जनपद नोडल बालिका शिक्षा पूनम शर्मा द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नगर क्षेत्र की जेंडर नोडल कविता वर्मा और रजापुर से अंशू सिंह और नीतू सिंह ने प्रशिक्षण में विशेष सहयोग प्रदान किया ।

# राहुल कुमार आजाद समाज पार्टी ( का० ) पिलखुवा के विधानसभा सचिव नियुक्त




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ।(पुष्पेन्द्र कुमार) आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद आदेश अनुसार जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मंत्री ने राहुल कुमार निवासी मोहल्ला आर्य नगर को पिलखुवा का विधानसभा सचिव नियुक्त करते हुए मनोनीत पत्र सौंपते हुए फूल माला पहनकर स्वागत करते हुए कहा कि आप अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। तो वहीं राहुल कुमार ने कहा कि हम अपने बहुजन महापुरुषों को मानने वाले लोग हैं जो बाबा साहब मान्यवर काशीराम के विचारधारा को आगे बढ़ाने के साथ आजाद समाज पार्टी काशीराम को मजबूत कर राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत कर आगे बढ़ने का कार्य करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचने के लिए पूरी लग्नता पूर्वक मेहनत से कार्य करूंगा और मुझे जो यह जिम्मेदारी दी गई है उस जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाउंगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील के साथ बधाई देने वाले में जिलाप्रभारी राकेश सैनी ,जिलाप्रभारी सिकंदर खान ,जिलाप्रभारी सचिन कुमार और जिला महासचिव मनोज कर्दम मौजूद रहे।

# एसडीएम मोदीनगर डॉ.पूजा गुप्ता आईएएस ने भोजपुर क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद। तहसील मोदीनगर की एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता आईएएस द्वारा भोजपुर क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पाया कि भोजपुर में अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। अधिक छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि यह भोजपुर का खसरा नम्बर-268, 278 है। एसडीएम महोदया द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर अवैध खनन करने वाली एपीएस कम्पनी की 10 डंपर गाड़िया, 2 पॉकलैंड व 1 ग्रेडर मशीन को जब्त करते हुए मय चालकों के साथ अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना भोजपुर के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होने बताया कि एपीएस कम्पनी द्वारा यहां बिना अनुमति के खनन किया जा रहा था, जो कि अवैध है। इसके साथ ही उन्होने थानाक्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने—अपने क्षेत्र का निरंतर निरीक्षण करें और अवैध खनन सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने का कार्य करें। उन्होने कहा कि अवैध खनन करने व कराने वालों पर कड़ी कार्रवाही की जाए। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से श्री सचिन पंवार नायब तहसीलदार भोजपुर, श्री आलोक गुप्ता राजस्व निरीक्षक, श्री गौरव मलिक लेखपाल, श्री गौरव भारद्वाज लेखपाल, रितु लेखपाल, श्री सुबोध लेखपाल, श्री संदीप कुमार पेशकार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कृत्रिम टर्फ कोर्ट बनाने का काम अप्रैल से शुरू होगा

गाजियाबाद । लॉन टेनिस के खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है। महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रस्तावित दो सिंथेटिक ग्राउंड यानी कृत्रिम टर्फ कोर्ट बनाने का कार्य अप्रैल से शुरू होगा। इससे खिलाड़ियों को लाभ होगा। वे गृह जनपद में ही खेल का बेहतर अभ्यास भी कर सकेंगे। महामाया स्टेडियम में क्रिकेट, जूडो, बॉक्सिंग, फुटबॉल, बैडमिंटन और हॉकी समेत कई खेलों के खिलाड़ी रोजाना अभ्यास करने आते हैं। करीब 200 खिलाड़ी सुबह-शाम कोच की निगरानी में अपने कौशल को निखारने का प्रयास करते हैं। करीब 12 एकड़ में बने स्टेडियम में जिला खेल विभाग ने लॉन टेनिस के लिए सिंथेटिक ग्राउंड बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा था, जिसे मंजूरी मिल गई थी। अब तक इस सरकारी स्टेडियम में इस खेल के लिए अभ्यास की सुविधा न होने से खिलाड़ी निजी एकेडमी पर ही निर्भर हैं। जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा देने को लेकर विभाग लगातार प्रयास कर रहा। इसके तहत महामाया स्टेडियम में सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर यहां प्रस्तावित दो लॉन टेनिस का सिंथेटिक ग्राउंड बनाने का कार्य अप्रैल से शुरू होगा। सरकारी स्टेडियम में इस खेल में अभ्यास करने की सुविधा होने से टेनिस के खिलाड़ियों को काफी राहत मिलेगी।

फीस बेहद कम होगी जिला उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि खिलाड़ियों को निजी एकेडमी के मुकाबले यहां कम फीस में बेहतर अभ्यास की सुविधा मिलेगी। लॉन टेनिस का ग्राउंड विश्वस्तरीय बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में यहां बड़े स्तर की कई प्रतियोगिता खेली जा सकें। इससे लॉन टेनिस के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन भी मिलेगा। रात में अभ्यास की सुविधा टेनिस ग्राउंड में एकल और युगल दोनों वर्ग के मुकाबले खेले जा सकेंगे।

साथ ही, लॉन टेनिस मैदान में उच्च गुणवत्ता वाली लाइट भी लगाई जाएंगी, ताकि रात में भी खिलाड़ी अभ्यास कर सकें। लॉन टेनिस ग्राउंड के बनने से 150 से अधिक खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। दिल्ली की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी इस खेल का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने बताया कि लॉन टेनिस की सरकारी स्टेडियम में अभी सुविधा नहीं होने से खिलाड़ी निजी एकेडमी अथवा दिल्ली का रुख करते हैं अभ्यास करने के लिए। निजी एकेडमी की फीस भी अधिक होगी है और आने जाने में रुपए लगते हैं।ऐसे में स्टेडियम में ही इस खेल का बेहतर अभ्यास मिलने लगे तो काफी सहूलियत होगी।

जिससे खिलाड़ियों को शहर से बाहर अभ्यास करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा।उनका परिवहन का खर्चा भी कम लगेगा और गृह जनपद में ही अभ्यास की सुविधा मिलेगी।

# मिशन शक्ति अभियान ( फेज-05 ) के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (सचिन शर्मा)। शासन के निर्देशानुसार महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के तहत जनपद के थानों की मिशन शक्ति और एंटी रोमियों पुलिस टीमों ने क्षेत्र में जाकर अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों की प्रभावी रोकथाम करना और उन्हें आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सम्मानित और स्वावलंबी बनाना था। पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान, और स्वावलंबन के बारे में जागरूक किया। उन्हें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, एंबुलेंस-102, और आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अभियान के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों और सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया गया, ताकि वे किसी भी प्रकार के संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सशक्त महसूस कर सकें।

# महाकुंभ में मची भगदड़ से हुई श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत पर कांग्रेस जनों ने रखा मौन, दी श्रद्धांजलि, घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कांग्रेस जनों ने की कामना

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो







हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) शहर कांग्रेस जनों ने प्रयागराज कुंभ में मची भगदड़ से हुई मौतों पर दुख व्यक्त किया हैं। इस दौरान शहर कांग्रेस जनों ने गोल मार्केट स्थित शहीद स्मारक पर एकत्रित होकर मोमबत्ती जलाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि प्रयागराज कुंभ में घटी घटना बेहद दर्दनाक हैं। मौनी अमावस्या पर कुंभ में मची भगदड़ से कुछ श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हुई है। इस घटना से कांग्रेस जन बेहद दुखी एवं चिंतित हैं और पीड़ित परिवार के प्रति अपनी अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि कुंभ मेले में मची भगदड़ से हुई श्रद्धालुओं की मौत पर प्रदेश सरकार उनके पीड़ित परिवार को मुआवजा दें। घायल श्रद्धालुओं के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की भी शहर कांग्रेस जनों ने ईश्वर से प्रार्थना की हैं। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा हैं कि घायल श्रद्धालुओं को बेहतर उपचार मुहैया कराया जाए। उनके उपचार में कोई कोताही न बरती जाए। प्रयागराज कुंभ में घटी घटना पर कांग्रेस जनों ने 2 मिनट का मौन रख उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की हैं और कहा हैं कि भविष्य में आगे ऐसी घटना न घंटे, इसके लिए सरकार की ओर से विशेष प्रबंध कराए जाए। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, सभासद सुशील शास्त्री, गुलफाम कुरैशी, अमित सैनी, सुबोध शास्त्री, राहुल शर्मा, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, सुखपाल गौतम, विनोद कर्दम, निसार पठान, हारून सिद्दीकी, शहजाद मेवाती, देवेंद्र कुमार, संदीप कुमार, अनुज कुमार, अब्दुल कलाम, सचिन कुमार, खुशनूद, सचिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे. !

# धोखाधड़ी के शिकार पीड़ित के साइबर क्राइम टीम थाना हापुड देहात द्वारा 50 हजार रूपए कराए वापस



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । (पुष्पेन्द्र कुमार) पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञान्जय सिंह के आदेशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत व अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर जितेंद्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में साइबर क्राइम टीम थाना हापुड देहात ने वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराध को रोकने व आम जनमानस को इससे राहत दिलाने के उद्देश्य से लगातार सार्थक प्रयास करते हुए साइबर अपराध के शिकार पीड़ित इंसाफ पुत्र यामीन निवासी सलाई थाना हापुड देहात के 50 हजार रुपये अथक परिश्रम कर उनके बैंक खातों में वापस कराया गया। आवेदिक के द्वारा उच्चाधिकारियों व साइबर सेल के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# बुलन्दशहर पुलिस ने अवैध शस्त्रों और कारतूसों की तस्करी करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने 28/29 जनवरी 2025 की रात को डीएम रोड स्थित रेलवे के खण्डर मकान के पास से अवैध असलहे और कारतूसों की तस्करी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में अवैध शस्त्र और कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक तमंचा 315 बोर, पिस्टल 32 बोर, एक राईफल 315 बोर, एक DBBL गन 12 बोर, और 30 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान साजिद और जाहिद के रूप में हुई है।

दोनों आरोपी बुलन्दशहर के निवासी हैं और अवैध शस्त्रों और कारतूसों की तस्करी कर आर्थिक लाभ प्राप्त करते थे।

पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। इस ऑपरेशन को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उ0नि0 कृष्ण कुमार गौतम, उ0नि0 जावेद हुसैन, उ0नि0 बलवीर सिंह, उ0नि0 मनीष यादव, है0का0 अंकित चौहान और का0 उत्कर्ष कुमार शामिल थे। यह गिरफ्तारी और बरामदगी पुलिस की लगातार कड़ी कार्रवाई का परिणाम है, जो अवैध तस्करी और अपराधियों पर लगाम कसने में मददगार साबित हो रही है।

# शिप्रा कृष्णा विस्टा में लोगों ने कैंडल मार्च निकाला

गाजियाबाद । इंदिरापुरम स्थित शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी में मंगलवार रात लोगों ने एओए पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए कैंडल मार्च निकाला। हंगामा होने पर पुलिस पहुंची। हालांकि शांति व्यवस्था बनी रही। लोगों ने सोसाइटी के अंदर मार्च किया और एक जगह इकट्ठे होकर कहा कि एओए अलग अलग फंड के नाम पर पैसा लेकर दुरुपयोग कर रही है। सवाल उठाने वाले रेजिडेंट्स को डराया, धमकाया जाता है। आरोप है कि अब नये फंड के नाम पर लोगों से पैसे लेने की तैयारी चल रही है। एओए उपाध्यक्ष निवेदिता तिवारी का कहना है कि एओए ने पिछले कार्यकाल में लिफ्ट, कैमरों और डीजी का कार्य कराया। अब सोसाइटी में अग्निशमन उपकरण, पेयजल व सीवर लाइन जर्जर है। शीपेज के कारण इमारत में भी पुताई का काम होना है। इसके लिए दो फरवरी को एजीएम बुलाई है। बैठक में लोग सहमति देंगे तो ये कार्य कराए जाएंगे। लोगों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा कि कुछ लोग राजनीति के तहत सोसाइटी के कार्य अटकाने का प्रयास कर रहे हैं। अनियमितता समेत तमाम आरोप बेबुनियाद हैं।

# ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत बुलन्दशहर पुलिस ने हत्या के आरोपी को दिलवायी आजीवन कारावास और 20,000 रुपये का जुर्माना

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (सचिन शर्मा)। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलन्दशहर पुलिस ने हत्या के आरोपी को प्रभावी पैरवी कर आजीवन कारावास और 20,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी। यह घटना वर्ष 2020 की है, जब अभियुक्त कोशेन्द्र उर्फ शेन्दू ने अपने ही गांव के निवासी विनोद कुमार की फावड़े से वार कर हत्या कर दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हत्या 2020 में हुई थी, जिसके बाद थाना स्याना में मुअसं-143/2020 धारा 302 भादवि के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोप पत्र 29 मई 2020 को न्यायालय में प्रस्तुत किया। इस मामले को पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित किया गया और बुलन्दशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी की। अभियोजन की ओर से 7 गवाहों की परिक्षा के बाद न्यायाधीश श्री गोपाल जी (एडीजी-12, बुलन्दशहर) ने अभियुक्त कोशेन्द्र उर्फ शेन्दू को दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास और 20,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। इस अभियोजन पक्ष की पैरवी में अभियोजक श्री कुश कुमार का योगदान महत्वपूर्ण रहा। बुलन्दशहर पुलिस की यह सफलता ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी का एक उदाहरण है, जो न्यायिक प्रणाली में विश्वास को और मजबूत करती है।

## नोएडा के ईएसआईसी अस्पताल में तीमारदार ने सीएमओ व महिला डॉक्टर से की मारपीट

नोएडा । थाना सेक्टर-24 क्षेत्र में स्थित ईएसआईसी अस्पताल के सीएमओ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक मरीज के तीमारदार ने उनके और उनके सहयोगी डॉक्टर के साथ मारपीट कर गाली-गलौज की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक श्याम बाबू शुक्ला ने बताया कि डॉक्टर पी शिवाकांत निवासी सेक्टर-24 ईएसआईसी अस्पताल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह सेक्टर 24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल में सीएमओ के पद पर कार्यरत है। पीड़ित के अनुसार 28 जनवरी को शाम 4 बजे के करीब रोहित नामक व्यक्ति हॉस्पिटल में आया। वह आपातकालीन में भर्ती एक मरीज को लेकर उनसे तथा उनके सहयोगी डॉक्टर सोनिका से बदतमीजी करने लगा। उसने गाली-गलौज कर अभद्रता की और हाथापाई की। उन्होंने बताया कि पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा में न्यायालय ने जारी किया वारंट, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार




नोएडा । थाना दादरी पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पूर्व में न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। थाना दादरी के प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर थाना पुलिस ने पम्मी पुत्र सोहनलाल निवासी कस्बा दादरी को गिरफ्तार किया है इसकी उम्र 43 वर्ष है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा चल रहा था। उन्होंने बताया कि कोर्ट द्वारा जारी वारंट के आधार पर थाना पुलिस ने मनीष पुत्र सोहनलाल को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ भी अमानत में खयानत का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद भी यह कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस ने सूफी अब्दुल्ला पुत्र मौहम्मद कासिम को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ एनआई एक्ट के तहत न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। यह न्यायालय द्वारा जारी वारंट के बावजूद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा था।


## महाकुंभ में स्नान करने जा रही महिला व किशोरी से बस कंडक्टर ने की अश्लील हरकत

नोएडा । एक निजी बस में सवार होकर अपने परिवार के साथ प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने जा रही महिला के साथ बस के कंडक्टर ने समान चढ़ाते समय अश्लील हरकत की। पीड़िता के अनुसार उक्त बस में बैठी मासूम लड़की ने भी उसे बताया कि उसके साथ बस के कंडक्टर ने समान चढ़ाते समय अश्लील हरकत की थी। इस मामले में पीड़िता ने थाना बीटा-दो में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बीटा-दो के प्रभारी निरीक्षक विद्युत गोयल ने बताया कि एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपनी बड़ी बहन और परिवार के अन्य लोगों के साथ प्रयागराज जा रही थी। पीड़िता के अनुसार यमुना एक्सप्रेसवे की जीरो पॉइंट पर वह बस पकड़ने के लिए बस के इंतजार में थी। बस रात 11 बजे के करीब आई। बस के कंडक्टर योगेश कुमार द्वारा उसका सामान बस में चढ़ाते समय अचानक उसकी कमर और सीने पर हाथ फेरते हुए अश्लील हरकत की गई। इस घटना को उसकी बहन और उसके साथ मौजूद अन्य लोगों ने देखा। उन लोगों ने शोर मचाया। पीड़िता के अनुसार इसी बीच बस की लास्ट बर्थ पर बैठी एक छोटी लड़की ने उन्हें बताया कि सामान चढ़ाने के समय बस के कंडक्टर ने उसे भी मौलेस्ट किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा में सक्रिय चोरों ने कार समेत चुराई पांच वाहन, शीशा तोड़कर लैपटॉप किया चोरी

नोएडा । पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में आये दिनों पुलिस और बदमाशों के बीच होने वाले मुठभेड़ के बाद भी वाहन चोरी की घटनाओं में कोई कमी नहीं आ रही है। ऐसा लग रहा है कि बदमाशों में पुलिस का कोई खौफ नहीं है। वाहन चोरी होने की घटनाओं से लोगबाग परेशान है। वाहन चोरों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से कार समेत पांच वाहन चोरी कर लिया है। इसके अलावा बदमाशों ने एक शख्स की कार का शीशा तोड़कर कीमती सामान चुरा लिया। पीड़ितों की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस वाहन चोरों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार कपिल कपासिया नामक व्यक्ति ने थाना दादरी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह कस्बा दादरी में रहता है। पीड़ित के अनुसार अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल घर के बाहर से चोरी कर ली है। थाना सेक्टर-49 में ललित नामक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अगाहपुर गांव में रहता है। पीड़ित के अनुसार उसने अपनी मोटरसाइकिल अपने घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह सुबह को सोकर उठा तो अज्ञात बदमाशों ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली थी। थाना सेक्टर-24 में उदित नामक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मोटरसाइकिल अज्ञात बदमाशों ने सेक्टर-22 स्थित उनके घर के बाहर से चोरी कर ली है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने अपनी बाइक अपने घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह सोकर उठे तो उन्होंने देखा कि उसकी बाइक गायब है। थाना सेक्टर-20 में मुकेश त्यागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी कार अज्ञात बदमाशों ने सेक्टर-16ए से चोरी कर ली है। महेश शर्मा ने थाना फेस-3 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों ने उनकी दुकान के पास से उसकी स्कूटी चोरी कर ली। पीड़ित के अनुसार वह मामूरा गांव में दुकान चलाता है। उसने अपनी स्कूटी दुकान के बाहर खड़ी की थी। वह अपनी दुकान के काम में व्यस्त हो गया। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। थाना सेक्टर-63 में प्रशांत शुक्ला पुत्र ओमप्रकाश शुक्ला निवासी सेक्टर-4 वैशाली गाजियाबाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने सेक्टर-63 के एच-ब्लॉक में अपनी कार खड़ी की थी। वह किसी काम से चले गए। जब वह वापस आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर कार में रखा हुआ लैपटॉप बैग चोरी कर लिया है। पीड़ित के अनुसार उसके बैग में लैपटॉप, पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड, क्रेडिट कार्ड और अन्य कीमती सामान रखा हुआ था। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 135 पेटी अवैध शराब बरामद, तस्कर गिरफ्तार



दादरी । जीटी रोड पर पेरिफेरल कट के पास आबकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से ट्रक में 135 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने बताया कि बहराइच के निगाह गांव निवासी नीरज श्रीवास्तव ट्रक में अलग-अलग मार्क की 135 पेटी शराब हरियाणा से लेकर बिहार जा रहा था। ईस्टर्न पेरिफेरल कट के जीटी रोड के पास आबकारी टीम और पुलिस ने रोक लिया। ट्रक चालक नीरज से सामान के बारे में पूछा तो संतोष जनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने ट्रक में जांच की तो 20 पेटी रॉयल ग्रीन, 10 पेटी इंपीरियल ब्लू, दस पेटी मैकडॉवेल नंबर वन समेत अलग-अलग मार्का की 135 पेटी शराब मिली। वहां पर पहुंचने पर एक मोबाइल नंबर दिया गया। जिस पर कॉल कर शराब की पेटियों को उतरवाने के बारे में बताया जाएगा।

# इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में अपने करियर और उद्यमी यात्रा को कैसे आगे बढ़ाएं विषय पर गलगोटिया विश्वविद्यालय ने आकर्षक अतिथि व्याख्यान की मेजबानी की।

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

ग्रेटर नोएडा । गलगोटिया विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिज़ाइन ने प्रख्यात इंटीरियर डिज़ाइन विशेषज्ञ आर्किटेक्ट उत्सव कंबोज द्वारा एक इंटीरियर डिज़ाइनर के रूप में अपने करियर और उद्यमी यात्रा को आगे कैसे बढ़ाएं卐 इस विषय पर एक आकर्षक अतिथि व्याख्यान की मेजबानी की। इस सत्र ने छात्रों को इंटीरियर डिज़ाइन में एक सफल करियर बनाने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की, जिसमें नवाचार, अनुकूलनशीलता और उद्यमी सोच के महत्व पर जोर दिया गया। उत्सव कंबोज ने अपनी पेशेवर यात्रा साझा की और एक मजबूत पोर्टफोलियो स्थापित करने, बाजार के रुझानों को समझने और डिजाइन में टिकाऊ और तकनीकी प्रथाओं को एकीकृत करने की रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे




रचनात्मकता, तकनीकी विशेषज्ञता और मार्केटिंग रणनीतियों का संतुलन एक इंटीरियर डिज़ाइनर को सफलता की ऊँचाइयों तक ले जा सकता है। उन्होंने इंटीरियर डिज़ाइन व्यवसाय शुरू करने और प्रबंधित करने में चुनौतियों और अवसरों पर भी विशेष रूप से चर्चा की, क्लाइंट प्रबंधन, ब्रांडिंग और नेटवर्किंग पर भी व्यावहारिक सलाह प्रदान की। गलगोटिया विश्वविद्यालय के सीईओ डा0 ध्रुव गलगोटिया ने इस अवसर पर कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों और नवोदित उद्यमियों को इंटीरियर डिज़ाइन के क्षेत्र में करियर और उद्यमिता के अवसरों पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला है। इस आयोजन की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, यह व्याख्यान न केवल छात्रों को प्रेरित करेगा, बल्कि उन्हें अपने व्यवसायिक सफर को मजबूती से शुरू करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेगा।

# कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र, जातिगत सर्वेक्षण और सफाई कर्मियों को पक्की नौकरी का वादा

नई दिल्ली । कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये घोषणापत्र जारी किया और दिल्लीवासियों से वादा किया कि अगर वह सत्ता में आती है, तो जातिगत सर्वेक्षण करवाकर गरीबों का उत्थान करने का काम करेगी और छह महीने के भीतर मजबूत लोकपाल विधेयक पारित करवायेगी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी का घोषणा पत्र जारी करते हुये कहा, हम चाहते थे कि जनता तक ये संदेश जाये कि कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। ये गारंटी सिर्फ पार्टी की नहीं है, बल्कि ये जनता का हक है। कांग्रेस ने दिल्ली के लिये अपनी पांच गारंटी बहुत पहले ही दे दी है, जिन्हें पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले डॉक्टर मनमोहन सिंह की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू किया था। उन्होंने कहा कि गारंटी का मतलब यह है कि यदि सरकार उसे लागू नहीं करती है, तो आप अदालत का दरवाजा खटखटा सकते हैं। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा, हमने दिल्ली के लोगों की समस्याओं को सुनकर अपना घोषणापत्र तैयार किया है। घोषणापत्र में हमने दिल्ली के मुद्दों और लोगों की जरूरतों को शामिल किया है। दिल्ली के युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों, दलितों और वंचित समाज के लोगों की क्या जरूरतें है, वे सब इसमें शामिल हैं। हमने अपने घोषणापत्र में पूर्वांचल के







लोगों के लिये अलग से मुद्दे शामिल किये हैं और दिल्ली के गांवों के लिये विशेष योजनायें रखी हैं, यह जनता का घोषणापत्र है और इसमें जनता की भावनायें शामिल हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस ने प्यारी दीदी योजना, जिसके तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 2500 रुपये देने, जीवन रक्षा योजना, जिसके तहत दिल्ली के सभी निवासियों को 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा (25 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा देंगे। इसमें मुफ्त दवायें और जांच भी शामिल होंगी।) , युवा उड़ान योजना, जिसके तहत बेरोजगार युवाओं को सार्वजनिक या निजी क्षेत्र के संस्थान में एक वर्ष की अप्रेंटिसशिप देंगे, इस दौरान उन्हें 8500 रुपए हर महीने मिलेंगे, महंगाई मुक्त योजना, जिसके तहत 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर, हर महीने 02 किग्रा चीनी, एक किग्रा कुकिंग ऑयल, छह किग्रा दाल, 250 ग्राम चाय पत्ती समेत एक मुफ्त राशन किट देने का वादा और मुफ्त बिजली योजना, जिसके तहत सभी पात्र परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने जैसी पांच गारंटियों का एलान किया था। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण, सस्ते और पौष्टिक भोजन उपलब्ध करने के लिये 100 इंदिरा कैंटीन स्थापित करने, जाति आधारित सर्वेक्षण कराने और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को जनसंख्या के अनुपात में विभिन्न सरकारी संस्थानों में प्रतिनिधित्व देने का वादा किया है। इसके साथ ही छठ महापर्व को महाकुंभ की तर्ज पर मनाने, छठ पूजा के दिन सत्य अवकाश देंगे और उस दिन शराब की दुकानों को बंद रखने, अग्निपथ योजना को वापस लेने और सभी अग्निवीर को स्थाई करने के लिये केंद्र सरकार पर दबाव बनाने, हर विधान सभा में 24 घंटे डिस्पेंसरी और हर वार्ड में कम से कम एक डिस्पेंसरी स्थापित करने और नई शिक्षा नीति 2020 को बदलने के लिये दिल्ली शिक्षा नीति पेश करने का वादा किया है।

साथ ही मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और टैबलेट प्रदान करने का वादा किया है। वहीं 300 यूनिट बिजली मुफ्त में मुहैया कराने के लिये नये मीटर लगवाने का शुल्क कम करने, दुकानों में लगने वाले 4500 रुपये प्रति किलोवाट सिक्योरिटी डिपॉजिट को कम करने, लाल डोरा और विस्तारित लाल डोरा क्षेत्र के गांवों के लिये हाउस टैक्स माफ करने की घोषणा करेंगे। यमुना की सफाई करने, डीटीसी बसों की संख्या बढ़ाने और सरकार बनने पर सफाई कर्मियों को पक्की नौकरी देने का वादा किया है।

# प्रधानमंत्री की रैली में लोगों का दिखा उत्साह

नई दिल्ली । उत्तर पूर्वी दिल्ली के घोंडा में आयोजित विकसित दिल्ली संकल्प रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए लोगों में गजब का उत्साह था। न सिर्फ घोंडा और आसपास की कॉलोनियों से बल्कि दूर-दराज के मोहल्लों से भी लोग उनका भाषण सुनने पहुंचे थे। जनसभा के दौरान समर्थकों ने मोदी-मोदी के नारे लगाए। रैली में पहुंचे लोगों ने कहा कि इस बार दिल्ली में भी मोदी को मौका मिलना चाहिए। इसी वजह से दिल्ली में सत्ता परिवर्तन के लिए मताधिकार का प्रयोग करेंगे। क्या बोले समर्थक 25 साल में दिल्ली में हमने दो दलों की सरकारों को देख लिया है, लेकिन भाजपा की सरकार के कामकाज को नहीं देखा। नरेंद्र मोदी देश में अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने एक मौका दिल्ली में भी मांगा है। उन्हें यह मौका दिया जाना चाहिए। -अनिता कौशिक जिस तरह से देश में विकास कार्य हुए हैं, दिल्ली में नहीं हो रहे हैं। दिल्ली के लोगों को भी टूटी सड़कों, जलभराव और पानी की समस्या से छुटकारा चाहिए। इस बार लग रहा है कि वोट फ्री सुविधाओं के लिए नहीं बल्कि विकास कार्यों के लिए करना चाहिए।

-कमलेश शर्मा, रैली में पहुंचीं समर्थक जनता के लिए घोषणाएं तो सभी पार्टियां कर रही हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर योजनाएं पूरी नहीं होती हैं। प्रधानमंत्री दिल्ली में ही रहते हैं। ऐसा लगता है कि दिल्ली में अगर भाजपा की सरकार होगी तो नरेंद्र मोदी ज्यादा ध्यान देकर यहां भी विकास कार्य कराएंगे। उन्होंने अपने भाषण में इसकी गारंटी भी दी है। -रिंकू, स्थानीय निवासी दिल्ली में बरसात में जलभराव, गर्मी में पानी की किल्लत और सर्दी में प्रदूषण की समस्या लगातार बढ़ रही है। इन समस्याओं से छुटकारा तभी मिल सकता है जब केंद्र और दिल्ली की सरकार मिलकर काम करे। इसके लिए इस बार बहुत सोच-समझकर किसी पार्टी को वोट देंगे।

## बुराड़ी हादसे में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, 21 को बचाया गया 5 की मौत



नई दिल्ली । दिल्ली के बुराड़ी इलाके में सोमवार शाम एक चार मंजिला इमारत गिर गई। मलबे में दबे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। मिली जानकारी के अनुसार, मलबे से 21 लोगों को बाहर निकाला गया है। अस्पताल में घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं, इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार बिल्डिंग के मालिक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस के डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि यह बिल्डिंग हाल ही में बनी थी और करीब एक से डेढ़ साल पहले इसका निर्माण शुरू हुआ था। इसमें कोई स्थायी निवासी नहीं था, केवल श्रमिकों का आना-जाना था। उन्होंने कहा कि शाम करीब 6.52 बजे पीसीआर कॉल आई थी कि कौशिक एन्क्लेव, बुराड़ी में एक बिल्डिंग गिर गई है। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर टीम मौके पर पहुंची। बुराड़ी में हुई इस घटना के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दुख जताते हुए एक्स पर लिखा था, बुराड़ी में इमारत गिरने की यह घटना बेहद दुखद है। मैंने स्थानीय प्रशासन से बात की है कि राहत और बचाव कार्य तेजी से सुनिश्चित किया जाए, प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता दी जाएगी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी हादसे पर दुख जताते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यह घटना बेहद दुखद है।

बुराड़ी से हमारे विधायक संजीव झा को निर्देश दिया गया है कि तुरंत पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वहां जाकर राहत और बचाव कार्य में प्रशासन की मदद करें। स्थानीय लोगों की भी हर संभव सहायता करें। आम आदमी पार्टी के विधायक संजीव झा ने कहा कि यह दुखद घटना है। लोगों को मलबे से निकाला जा रहा है। इस घटना के पीछे जो भी दोषी हैं, उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। दिल्ली सरकार की ओर से मृतकों को मुआवजा भी दिया जाएगा।

## पुलिस निगरानी में ताहिर हुसैन ने मुस्तफाबाद से चुनाव प्रचार शुरू किया

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व पार्षद और 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन ने बुधवार को मुस्तफाबाद में पुलिस की निगरानी में चुनाव प्रचार शुरू किया। यह प्रचार अभियान उच्चतम न्यायालय द्वारा छह दिन की कस्टडी पैरोल दिए जाने के एक दिन बाद शुरू हुआ। आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने ताहिर को चुनावी मैदान में उतारा है। ताहिर सुबह छह बजे तिहाड़ जेल से पैरोल पर बाहर आये और मुस्तफाबाद के 25-फुटा रोड स्थित अपने चुनाव कार्यालय पहुंचे। कार्यालय में ताहिर ने समर्थकों से मुलाकात की और स्थानीय निवासियों का अभिवादन किया। आम आदमी पार्टी के पूर्व नेता ताहिर के साथ सशस्त्र पुलिसकर्मी भी तैनात थे। शीर्ष न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, ताहिर को करावल नगर स्थित अपने घर जाने की अनुमति नहीं दी गई है। करावल नगर वर्ष 2020 के दंगों के कथित स्थलों में से एक है। इसके अलावा, ताहिर को अपने ऊपर चल रहे मामलों को लेकर कोई सार्वजनिक बयान देने से भी मना किया गया है। न्यायालय ने मंगलवार को ताहिर हुसैन को 29 जनवरी से 3 फरवरी तक कस्टडी पैरोल दी थी। ताहिर को पुलिस की निगरानी में रोजाना 12 घंटे (सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक) चुनाव प्रचार करने की अनुमति मिली है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की अध्यक्षता वाली पूर्ण पीठ ने यह शर्त रखी कि हुसैन को हर दिन 2.47 लाख रुपये जमा करने होंगे, ताकि उनकी सुरक्षा और पुलिस एस्कॉर्ट का खर्च निकाला जा सके। मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,88,902 पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें 1,55,706 पुरुष मतदाता, 1,33,193 महिला मतदाता और 3 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस विधानसभा सीट पर प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने प्रभावशाली उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। भाजपा ने करावल नगर के मौजूदा विधायक मोहान सिंह बिष्ट को उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आदिल अहमद खान को टिकट दिया है, जो अन्ना हजारे आंदोलन के समय से पार्टी से जुड़े हैं। कांग्रेस ने पूर्व विधायक हसन मेहदी के बेटे अली मेहदी को उम्मीदवार बनाया है। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा और 8 फरवरी को चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे।





## जल संकट – आतिशी ने एलजी को चिट्ठी लिखकर लगाया राजनीतिक हित साधने का आरोप



नई दिल्ली । दिल्ली में यमुना के पानी में अमोनिया के बढ़े स्तर को लेकर अब आम आदमी पार्टी और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच रार ठनती दिखाई दे रही है। मुख्यमंत्री आतिशी ने एलजी को पत्र लिखकर भेदभाव की राजनीति से ऊपर उठने का आग्रह किया है। अपने पत्र में आतिशी ने लिखा है कि या तो एलजी सक्सेना सार्वजनिक हित में कार्य करें, या अलग हट जाएं। यह लोगों की जान बचाने की बात है, राजनीति की नहीं, और जिनके हाथ खून से सने हैं, दिल्ली उन्हें माफ नहीं करेगी। इससे पहले उपराज्यपाल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर अरविंद केजरीवाल के हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने के आरोप पर कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने पत्र में लिखा था, पूर्व मुख्यमंत्री एवं आपकी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना नदी में जहर मिलाने का तथा दिल्ली में सामूहिक नरसंहार के प्रयास का आरोप लगाया है। यह अत्यंत आपत्तिजनक, दुर्भाग्यपूर्ण एवं अवांछनीय है। हालांकि केजरीवाल द्वारा भ्रामक और तथ्यहीन वक्तव्य दिया जाना कोई नई बात नहीं है, परन्तु यह सरासर झूठा बयान न सिर्फ दिल्ली के लोगों में भ्रम तथा भय उत्पन्न करने की क्षमता रखता है बल्कि इससे दो पड़ोसी राज्यों के बीच वैमनस्यता भी उत्पन्न हो सकती है। जवाबी पत्र में आतिशी ने लिखा है कि एलजी के पत्र को बेहद निराशाजनक बताया है, लेकिन कहा है कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उन्होंने दिल्ली के पानी में खतरनाक रूप से उच्च अमोनिया स्तर के मुद्दे को निराधार बताया है। उन्होंने पत्र में लिखा है, दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में आपकी संवैधानिक जिम्मेदारी दिल्ली के लोगों के प्रति है, न कि आपके राजनीतिक आकाओं के प्रति। हालांकि, आपके कार्यों से पता चलता है कि आपकी प्राथमिक रुचि भाजपा से प्राप्त आदेशों का पालन करने में है न कि संविधान को कायम रखने में। आतिशी ने कहा है कि यमुना में अमोनिया का स्तर अत्यधिक जहरीला होता जा रहा है जिसका प्रमाण दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ का पत्र भी है। यहां तक कि आपका पत्र भी स्वीकार करता है कि पानी में अमोनिया का वर्तमान स्तर 7.2 पीपीएम है जो स्वीकार्य स्तर से 700 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि उपराज्यपाल के पास जनहित को प्राथमिकता देने या राजनीतिक हित के आगे झुकने के दो विकल्प थे, लेकिन दुर्भाग्य से आपने राजनीतिक हित को चुना卐। आतिशी ने उपराज्यपाल पर दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर संकट की गंभीरता को कम करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने ने हमेशा हरियाणा सरकार की पैरवी की है और दिल्ली की जनता की तरफ ध्यान नहीं दिया है।

## दिल्ली चुनाव 2025 – प्रवेश वर्मा का आरोप, पंजाब से लोगों को बुलाकर वोटर्स को डराया जा रहा

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने आम आदमी पार्टी (आप) पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी पंजाब से हजारों की संख्या में लोगों को बुलाकर दिल्ली की कॉलोनियों में वोटर्स को डरा-धमकाकर शराब और पैसे बांट रही है। इस कथित गड़बड़ी का पूरा कारनामा एक वीडियो में कैद हो गया है। हमने वीडियो में देखा कि पंजाब से आए लोग अपनी गाड़ियों से एक-एक बैग निकालकर घर-घर जा रहे थे। ये लोग वोटर्स को डरा रहे थे और रिश्वत के रूप में शराब और पैसे बांट रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्री संजय सिंह पर भी गंभीर आरोप लगाए, जिनकी उत्तर प्रदेश नंबर की गाड़ी में दिल्ली उपाध्यक्ष और दिल्ली सरकार लिखा हुआ है। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर ये लोग सामान्य तरीके से कैंपेन कर रहे हैं, तो उनकी गाड़ी पर दिल्ली सरकार का नाम क्यों है, जबकि गाड़ी उत्तर प्रदेश की है? प्रवेश वर्मा ने कहा कि वीडियो के आधार पर उन्होंने पुलिस में शिकायत की है और पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि यह वीडियो पालिका धाम गोल मार्केट का है, जहां पंजाब से आए लोग घर-घर जाकर गाड़ी से बैग निकाल रहे थे। ऐसे मामलों की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यह साफ दिख रहा है कि अरविंद केजरीवाल को अपनी हार का एहसास हो गया है और इसलिए 11 साल मुख्यमंत्री रहने के बावजूद उन्हें बाहर से लोगों को बुलाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की सभी 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को एक चरण में मतदान होगा। नतीजों की घोषणा 8 फरवरी को होगी। दिल्ली में एक करोड़ 55 लाख मतदाता हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 83.49 लाख और महिला मतदाता 71.74 लाख हैं। इसके अलावा 1,261 थर्ड जेंडर मतदाता भी हैं। युवा मतदाताओं की संख्या 25.89 लाख है जबकि 2.08 लाख फर्स्ट टाइम वोटर हैं।

# नमो भारत ट्रेन के यात्रियों को एनसीएमसी कार्ड के उपयोग पर मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट



गाजियाबाद । नमो भारत ट्रेन के यात्री अब एनसीएमसी कार्ड का उपयोग करके 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं। यह पहल एनसीआरटीसी द्वारा हाल ही में लॉन्च किए गए लॉयल्टी पॉइंट प्रोग्राम का विस्तार है, जिसके अंतर्गत 'नमो भारत' मोबाइल ऐप के माध्यम से खरीदे गए टिकटों पर छूट प्रदान की जा रही है। इस पहल के साथ, यात्री अब नमो भारत ट्रेनों में अपनी प्रत्येक यात्रा पर एनसीएमसी कार्ड से भी छूट का आनंद ले सकते हैं, जिसके अंतर्गत वे जितनी अधिक यात्रा करेंगे, उतनी ही अधिक बचत कर सकेंगे। लॉयल्टी प्रोग्राम के तहत, यात्री एनसीएमसी कार्ड का उपयोग करके नमो भारत ट्रेन में यात्रा पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर एक पॉइंट अर्जित करेंगे। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 0.10 (10 पैसे) है और जमा पॉइंट्स यात्री के एनसीएमसी खाते में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। उदाहरण के लिए, यदि कोई यात्री 100 यात्रा पर रुपये खर्च करता है, तो उसके एनसीएमसी खाते में 100 अंक (10 के बराबर) जमा किए जाएंगे। यह ऑफर किसी भी एनसीएमसी कार्ड पर उपलब्ध है। स्टेशन के टिकट काउंटर पर इन पॉइंट्स को रीडीम कराकर छूट का लाभ उठाया जा सकता है। एनसीआरटीसी ने हाल ही में लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम की शुरुआत की है, जिसके अंतर्गत यात्रियों को 'नमो भारत' ऐप के जरिए खरीदे गए टिकटों पर 10 प्रतिशत की छूट मिलती है। ऐप के जरिए डिजिटल क्यूआर टिकट खरीदने और एनसीएमसी कार्ड के इस्तेमाल पर छूट देने की इस पहल का उद्देश्य न केवल यात्रियों को वित्तीय लाभ प्रदान करना है, बल्कि पेपरलेस टिकटिंग के साथ यात्रा को सुव्यवस्थित बनाना और एक स्वच्छ, सतत भविष्य में योगदान देना भी है। लॉयल्टी प्रोग्राम नमो भारत ट्रेनों के नियमित यात्रियों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे उन्हें हर यात्रा के साथ बचत का लाभ प्रदान किया जाए। नमो भारत के नियमित यात्री, प्रत्येक यात्रा के साथ एकत्रित लॉयल्टी बोनस को अनलॉक कर उसे किफायती बना सकते हैं। यात्रियों के अधिक कुशल और आरामदायक यात्रा अनुभव के लिए उन्हें नमो भारत मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। ऐप के हर नए यूजर को ऐप डाउनलोड करने पर 50 अंक (500 लॉयल्टी पॉइंट्स के बराबर) मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, यूजर दूसरों को ऐप रेफर करके अतिरिक्त 500 लॉयल्टी पॉइंट्स भी कमा सकते हैं। रेफर करने वाले और रिसीव करने वाले दोनों को 50 अंक (500 लॉयल्टी पॉइंट के बराबर) मिलेंगे, जो उनके संबंधित खातों में जमा किए जाएंगे। अर्जित किए गए सभी लॉयल्टी पॉइंट्स क्रेडिट की तारीख से एक वर्ष के लिए वैध हैं, जो नियमित, सतत यात्रा और ऐप के साथ निरंतर जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं। नमो भारत ऐप गूगल और एप्पल स्टोर दोनों पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं।

# नोएडा में तीन लोगों ने की आत्महत्या, पुलिस को मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव



नोएडा । नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रहने वाले तीन लोगों ने मानसिक तनाव के चलते अपने-अपने घरों पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। इसके अलावा थाना दनकौर क्षेत्र में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पुलिस को मिला है। चारों मामलों में पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना सूरजपुर के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार चाहर ने बताया कि कस्बा सूरजपुर में रहने वाले जुगल किशोर पुत्र कमल सिंह उम्र 55 वर्ष ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लग रही है। थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर-8 में रहने वाले रोहित मंडल ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के निठारी गांव में रहने वाले एक 22 वर्षीय युवक ने मानसिक तनाव के चलते अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। उसके परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर नोएडा के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया, वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि मृतक का नाम इम्तियाज उम्र 22 वर्ष है। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक ने आत्महत्या क्यों किया है। थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद बुलंदशहर के रहने वाले सुरेंद्र सिंह पुत्र खजान सिंह उम्र 40 वर्ष का शव थाना क्षेत्र में मिला। उन्होंने बताया कि मौत के कारण स्पष्ट न होने के चलते पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को आशंका है कि उसकी मौत या तो अत्यधिक शराब के सेवन के चलते हुई है या उसे हार्ट अटैक हुआ है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

# श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में धूमधाम से मनाया गया भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज का आविर्भाव महोत्सव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



वृन्दावन। सेवाकुंज गली स्थित श्रीकृष्ण बलराम मन्दिर में प्रख्यात गौडीय संत श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज का आविर्भाव महोत्सव संतों - विद्वानों व भक्तों की उपस्थित में अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। प्रात: काल महाराजश्री की प्रतिमा का वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य अभिषेक व पूजन-अर्चन किया गया।साथ ही भजन संकीर्तन का भी आयोजन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित संत-विद्वत संगोष्ठी में श्रील भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदनाचार्य गोस्वामी महाराज (विश्वबन्धु) व वृन्दा कुंज के भक्ति वेदांत परमद्वैत महाराज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज गौडीय सम्प्रदाय की बहुमूल्य निधि थे।उन्होंने गौडीय सम्प्रदाय के संस्कृति व बांग्ला भाषा में लिखे 100 से भी अधिक ग्रंथों का हिन्दी में अनुवाद किया।बाद को इन ग्रंथों का विश्व की विभिन्न भाषाओं में अनुवाद हुआ। ब्रज साहित्य सेवा मंडल के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने व प्रमुख समाजसेवी पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ ने कहा कि श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज की गौडीय सम्प्रदाय के लिए अनेकों देनें हैं।उनके द्वारा मथुरा में श्रीकेशव गौडीय मठ और वृंदावन में श्रीरूप सनातन गौडीय मठ व श्रीकेशव गौडीय मठ आदि की स्थापना की गई। भक्ति वेदांत दामोदर महाराज व भक्ति मयूर भिक्षु महाराज ने कहा कि श्रीमद् भक्ति वेदांत नारायण स्वामी महाराज अनेकानेक सद्गुणों की खान थे।बरसाना के प्रख्यात संत व वाणीकार नारायण भट्ट ने महाराज श्री की विद्वत्ता व संतत्व से प्रभावित होकर उन्हें योगाचार्य की उपाधि से अलंकृत किया था। आविर्भाव महोत्सव में प्रख्यात भागवताचार्य गोपाल भैया महाराज, स्वामी गोकुलानंद वन महाराज, भक्ति वेदांत साधु महाराज, गोविंद महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, ध्रुव गोस्वामी महाराज, अच्युतानंद प्रभु, महंत मधुमंगल शरण शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार भोलेश्वर उपमन्यु, बालकृष्ण शर्मा (बालों पण्डित), विष्णुकांत भारद्वाज (ब्रजवासी भैया), ब्रजराज दास, प्रेम प्रदीप दास, रविकुमार शर्मा, राजू व राधा नाथ दास आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महोत्सव का समापन संत ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।भक्ति वेदांत स्वामी मधुसूदनाचार्य गोस्वामी महाराज ने सभी आगंतुक अतिथियों का अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु की मासिक बैठक सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस






बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जी.एम. डी.आई.सी. श्री आशुतोष कुमार सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र सिकंदराबाद से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी दी। सिकंदराबाद उद्योग संघ और आई.आई. चैप्टर सिकंदराबाद ने औद्योगिक क्षेत्र में नालों की सफाई और सड़कों की मरम्मत की शिकायत की थी। इस पर क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में लगभग 1633.99 लाख रुपये की लागत से सड़कों के मरम्मत का कार्य जारी है, और अन्य सड़कों के मरम्मत के लिए 1230.71 लाख रुपये की निविदा प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसके अलावा जलभराव की समस्या को हल करने के लिए 6215.67 लाख रुपये की लागत से RCC नाली निर्माण की निविदा प्रक्रिया प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने यूपीसीडा को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में उद्योग बंधुओं से समन्वय स्थापित कर उन्हें समय-समय पर सूचित किया जाए। बैठक में अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जैसे सिकंदराबाद उद्योग संघ की शिकायत के संबंध में जिला पंचायत द्वारा कर वसूली और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, यूपीसीडा के ट्रांजिट हॉस्टल के जर्जर भवन, जीएसटी चोरी की शिकायतों, और विद्युत पोल के स्थानांतरण जैसे विभिन्न मुद्दों पर भी अधिकारियों ने समाधान की प्रक्रिया से अवगत कराया। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग बंधुओं की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए, ताकि औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिल सके और रोजगार के अवसर सृजित हो सकें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. प्रशांत कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# केजरीवाल और पीएम मोदी दोनों झूठे वादे करते हैं- राहुल गांधी का डबल अटैक






नई दिल्ली । दिल्ली चुनाव प्रचार के तहत कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज बवाना में जनसभा करने पहुंचे। राहुल गांधी के निशाने पर भाजपा के साथ ही आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल थे। राहुल ने दोनों पर हमला करते हुए कहा कि पानी की समस्या है यहां। पीने का पानी नहीं मिलता है। गंदा पानी मिलता है। महंगा पानी खरीदना पड़ता है। मोदी जी ने आरएसएस ने नफरत फैलाने का काम किया है। जहां भी जाते हैं धर्म को धर्म से जाति को जाति से लड़ाते हैं। एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाते हैं। आपका धन अंबानी-अडानी जैसे अबपतियों को पकड़ा देते हैं। मोदी सरकार ने बीस-पच्चीस अरबपतियों का सोलह लाख करोड़ रुपया कर्ज माफ किया। आप अपने बच्चों को निजी कॉलेज-विविद्यालय में भेजते हो। बीमार होते हो। प्राइवेट अस्पताल भेजते हो। जितना आप जीएसटी देते हो उतना ही अंबानी-अडानी देते हैं। राहुल ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक शर्ट खरीदों वही शर्ट अडानी खरीदेगा। उतना ही जीएसटी देगा। पहले पब्लिक स्टेकर होता है। गरीब लोगों की जगह होती थी। रोजगार मिलता था। सब बंद हो गया। निजीकरण हो गया। नोटबंदी और जीएसटी के साथ छोटे दुकानदारों और छोटे बिजनेस को बंद कर दिया। भारत के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है। मोदी और केजरीवाल सरकार में रोजगार नहीं मिल सकता है। लाखों रुपये खर्च करके कॉलेज की डिग्री लेते हैं। डॉक्टर और इंजीनियर का सर्टिफिकेट मिलता है लेकिन रोजगार नहीं मिलता है। दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुली का काम करने वाले युवा ने बताया कि लाखों रुपये देकर सिविल इंजीनियर की डिग्री ली है और कुली का काम करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने आप संयोजक पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल ने लंबे भाषण किए। पहले छोटी गाड़ी में घूमते थे। मफलर लिए घमते थे। बिजली के खंबे पर चढ़ जाते थे। कहा था कि साफ राजनीति लाऊंगा। उसके बाद दिल्ली में सबसे बड़ा घोटाला शराब घोटाला किया। करोड़ों रुपये का घोटाला किया। उनकी पार्टी और उनके लोगों ने किया है। भ्रष्ट सरकार चलाई है। मोदी जी झूठे बयान देते हैं। हर मीटिंग में झूठ बोलते हैं। वैसे ही केजरीवाल काम करते हैं। पांच साल पहले केजरीवाल ने कहा था कि यमुना में स्नान करूंगा और यमुना जी का पानी पिऊंगा। पांच साल हो गए। आज तक केजरीवाल ने यमुना का पानी नहीं पिया है। आपको गंदा पानी पीना पड़ता है। लेकिन, केजरीवाल जी शीशमहल में रहते हैं। करोड़ों रुपये के मकान में रहते हैं। साफ-सुथरा पानी पीते हैं और आपको झूठे बयान करते हैं। लोकसभा में मैंने कहा कि पंद्रह फीसदी दलित, पचास फीसदी पिछड़े, पंद्रह फीसदी अल्पसंख्यक और आठ फीसदी आदिवासी की आबादी है। जाति जनगणना कराएं और पता लगाएं कि कितनी आबादी है और कितनी हिस्सेदारी है। मोदी जी ने जाति जनगणना नहीं की गई। हमने कहा कि हम करके दिखाएंगे। दिल्ली में सरकार आएगी तो हम कर दिखाएंगे। दूध का दूध और पानी का पानी होगा। राहुल गांधी ने आगे कहा कि केजरीवाल से पूछना चाहता हूं कि पचास फीसदी की आरक्षण की जो दीवार बना रखी है, मैंने कहा कि इस पचास फीसदी की दीवार को तोड़ देंगे। इससे ज्यादा बढ़ा देंगे। केजरीवाल जी आप साफ बता दो कि आप आरक्षण को पचास फीसदी से ज्यादा करना चाहते हो या नहीं। केजरीवाल और मोदी दोनों ही आरक्षण के खिलाफ हैं। दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासी के खिलाफ हैं।

जब अल्पसंक्यकों पर आक्रमण होता है तो केजरीवाल जी कहा थे। क्या केजरीवाल जी आपके साथ खड़े हुए। आपके लिए लड़े। बिलकुल नहीं। केजरीवाल गरीबों, आरक्षण, दलितों के खिलाफ हैं। दो विचारधारा की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और संविधान है। हमारा मानना है कि सभी लोग समान हैं। हर धर्म और जाति का सम्मान होना चाहिए। मोदी जी के नफरत के बाजार में हमें मोहब्बत की दुकान खोलनी है। मोदी से कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी नहीं डरते हैं। उल्टा नरेंद्र मोदी जी हमसे डरते हैं। हम संविधान को बचाने क काम करते हैं। संविधान में साफ लिखा है कि सबकी रिस्पेक्ट होनी चाहिए। आरक्षण मिलना चाहिए। अरबपतियों की सरकार नहीं होनी चाहिए। मोदी जी आरक्षण के खिलाफ, संविधान के खिलाफ काम रते हैं। मुकाबला कांग्रेस पार्टी देती है। कांग्रेस पार्टी के नेता कन्याकुमारी से कश्मीर तक चले। चार हजार किलोमीटर। चले। देश को हमने बोला कि यह देश नफरत का देश नहीं है। नफरत मोदी फैलाते हैं। इस देश के दिल में नफरत नहीं है। यह मोहब्बत का देश है। भाईचारे का देश है। डरने की कोई जरूरत नहीं है। हिन्दुस्तान में किसी को डर नहीं लगना चाहिए। जहां भी भाजपा के लोग नफरत फैलाते हैं वहां पर आपको कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी व अन्य लोग नेता मिलेंगे जो नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलेंगे। हम रोजगार विकास, प्रगति की बात करते हैं। शीला जी के समय में सड़कें बनी, विकास हुआ, हम झूठे वायदे नहीं करते थे।

केजरीवाल और मोदी दोनों ही चौबीस घंटा झूठे वायदे करते हैं। केजरीवाल ने कहा था कि यमुना का पानी पियूंगा। मैं चुनौती देता हूं केजरीवाल जी जो आपने कहा था जो वायदा किया था, कि यमुना को साफ करूंगा और पानी पियूंगा। मैं चुनौती देता हूं कि आज आप जाकर यमुना का पानी पी लीजिए। आप दिल्ली की जनता को यमुना का गंदा पानी पिलाते हो। आपको चुनौती देता हूं। उसके बाद अस्पताल में मिलूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा के नए परिवेश का किया अवलोकन

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में 16वीं विधानसभा के तृतीय सत्र की सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने विधानसभा के नए परिवेश का अवलोकन किया। उन्होंने विधानसभा में हुए डिजिटलाइजेशन सहित अन्य नवाचारों की सराहना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे।

### मोदी ने महाकुंभ में भगदड़ को लेकर योगी से की बात

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज में महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या के उत्सव के दौरान भगदड़ जैसी स्थिति को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की। सूत्रों के अनुसार, श्री मोदी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और उन्होंने स्थिति से निपटने के लिए तत्काल सहायता करने का आश्वासन दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी मुख्यमंत्री से बात की और राज्य सरकार को हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या के अवसर पर भारी भीड़ के कारण बुधवार तड़के करीब 02.00 बजे भगदड़ होने से कुछ तीर्थयात्री घायल हो गए। घायलों की सही संख्या की पुष्टि मेला प्रशासन या पुलिस की ओर से अभी तक नहीं की गई है।

### इसरो की सेंचुरी पूरी- 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया

श्रीहरिकोटा । अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय अंतरिक्ष एवं अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज एक और इतिहास रच दिया। अपने 100वें मिशन यानी जीएसएलवी रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह एक नेविगेशन उपग्रह है। यह इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन के नेतृत्व में पहला मिशन था। उन्होंने 13 जनवरी को पदभार संभाला था। इसरो ने अपने बयान में कहा, जीएसएलवी-एफ15/एनवीएस-02 मिशन सफलतापूर्वक पूरा हो गया है अंतरिक्ष नेविगेशन में भारत ने नई ऊंचाइयों को छुआ। इससे पहले इसरो ने एक बयान में कहा कि एनवीएस-02 में सटीक समय अनुमान के लिए स्वदेशी और खरीदी गई परमाणु घड़ियों के संयोजन का उपयोग किया गया है। सूत्रों ने बताया कि स्वदेशी क्रायोजेनिक चरण के साथ भू-समकालीन उपग्रह प्रक्षेपण यान (जीएसएलवी) अपनी 17वीं उड़ान में नेविगेशन उपग्रह एनवीएस-02 को लेकर यहां दूसरे लॉन्च पैड से 29 जनवरी को सुबह छह बजकर 23 मिनट पर प्रक्षेपित किया गया।यह नेविगेशन उपग्रह 'नेविगेशन विद इंडियन कांस्टेलेशन (नाविक) श्रृंखला का दूसरा उपग्रह है, जिसका उद्देश्य भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ भारतीय भूभाग से लगभग 1,500 किलोमीटर आगे के क्षेत्रों में उपयोगकर्ताओं को सटीक स्थिति, गति और समय की जानकारी प्रदान करना है।

### महाकुंभ की घटना दुखद, सांकेतिक स्नान किया- रामदेव

महाकुंभ नगर । योग गुरु स्वामी रामदेव ने बुधवार को कहा कि मौनी अमावस्या महास्नान पर्व पर संगम तट पर हुआ हादसा दुखद है और इसीलिये उन्होने आज सांकेतिक स्नान किया है। स्वामी रामदेव ने पत्रकारों से कहा, हादसे में दिवंगत आत्माओं को मोझ और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना के साथ हमने आज इस पवित्र तीर्थ में स्नान किया है और कुंभ का पारमार्थिक अर्थ बहुत ऊंचा है। इसलिये आज हमने जूना पीठाधीश्वर के सानिध्य में सारे विश्व और राष्ट्र के कल्याण की कामना के साथ सांकेतिक रुप में स्नान किया है। जो कि आज बड़ी दुखद घटना हो गयी। इसलिये इसे महोत्सव का रुप नहीं दिया है बल्कि एक अनुष्ठान के रुप में संपन्न किया है।


### महाकुंभ हादसे की जिम्मेदारी लें योगी,इस्तीफा दें - शिवपाल

इटावा । समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने बुधवार को कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में हुये हादसे की जिम्मेदारी लेते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस्तीफा दे देना चाहिए। जिला सहकारी समितियों के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद गृह जिले इटावा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि महाकुंभ में घायल हुए श्रद्धालुओं के इलाज की समुचित व्यवस्था करने के साथ प्रत्येक मृतक के आश्रित को एक-एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जानी चाहिये और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। श्री यादव ने समाजवादी पार्टी सरकार के दौरान हुए 2013 में कुंभ मेले की सराहना करते हुए कहा कि उस समय 400-600 करोड़ रुपये में कितनी अच्छी व्यवस्था की गई थी। इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं हुई, लेकिन इस सरकार में 11000 करोड़ रूपया खर्च किया गया और बड़े-बड़े दावे वादे किए गए, लेकिन सारे दावे वादे सरकार के फेल नजर आए और इतना बड़ा हादसा हो गया।

### भगदड़ के बाद योगी पर भड़के प्रेमानंद पुरी, बोले- सेना के हवाले क्यों नहीं किया महाकुंभ ?

प्रयागराज । महाकुंभ में मची भगदड़ के बाद महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी ने कहा है कि जितनी भीड़ थी, उसे पुलिस नहीं संभाल सकती थी। यह पुलिस के वश की बात नहीं थी। सेना को हवाले कर देना चाहिए था। उन्होंने कहा कि शंतों ने शुरू से ही सरकार से इस मेला को सेना के हवाले करने की मांग की थी। भगदड़ के बाद महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी मीडिया से बात करते हुए रो पड़े। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है इस मेले को सेना के हवाले कर दिया जाए। पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के महामंडलेश्वर प्रेमानंद पुरी ने कहा, हमने पहले ही कहा था कुंभ की सुरक्षा को सेना के हवाले किया जाए लेकिन किसी ने हमारी नहीं सुनी। इतनी जनता आने के बाद ये पुलिस के संभालने का काम नहीं है। मेरा मन बहुत व्यथित है। मैं अखाड़े में अपने साथियों से कहकर आया कि आपलोग यहां से ये अनाउंस मत कीजिए कि ये सब हो गया है। आप धीरे-धीरे अपने भक्तों से अपने कैंपों में लौटने के लिए कहिए। क्योंकि इससे वहां भी भगदड़ मचने की आशंका है।

### दिल्ली के लोग अब बदलाव चाहते हैं - अलका लांबा



नई दिल्ली । दिल्ली की कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने बुधवार को गोविंदपुरी इलाके में प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग अब बदलाव चाहते हैं। अलका लांबा ने कहा, मैंने आज गोविंदपुरी इलाके में पदयात्रा की। यहां आकर पता चला कि गोविंदपुरी की गलियां टूटी हैं और ऊपर तारों का जाल बिछा हुआ है। यहां पीने का पानी भी गंदा आ रहा है। क्षेत्र की जनता दुखी है, लेकिन भाजपा और 'आप' के नेता कहते हैं कि हमें एक बार और मौका दो। उन्होंने आगे कहा, मैं भाजपा और 'आप' से इतना ही कहूंगी कि उन्हें यहां की जनता ने बार-बार मौका दिया, लेकिन उन्होंने जनता को धोखा देने का काम किया है। दिल्ली की जनता अब बदलाव चाहती है और वो बदलाव सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है। मुझे पूरी उम्मीद है कि कांग्रेस पार्टी की कालकाजी सीट पर जीत होगी और ऐसा करने से कोई नहीं रोक सकता है। कालकाजी विधानसभा से अलका लांबा कांग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ रही हैं। उनके सामने मुख्यमंत्री आतिशी और भाजपा के रमेश बिधूड़ी मैदान में हैं। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने 2015 और 2020 में जीत हासिल की है। आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार इस सीट पर जीत हासिल करने का दावा कर रही है। इस विधानसभा में सिख समुदाय, ओबीसी, वैश्य, गुर्जर, एससी, मुस्लिम बिरादरी के अच्छे खासे मतदाता हैं। करीब 27 फीसद सिख, 9 प्रतिशत ब्राह्मण और 7 फीसद मुस्लिम हैं। बता दें कि विधानसभा में न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, सुखदेव विहार, महारानी बाग, गोविंदपुरी जैसे पॉश इलाके आते हैं। यहां करीब 1.70 लाख मतदाता हैं। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या करीब 95 हजार और महिला मतदाताओं की संख्या 80 हजार है।